हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 23.1 डिग्री

12 धमधा में साहू समाज भवन के लिए 25 लाख की घोषणा



13 विश्व शांति के लिए जामगांव आर में हुआ नवकार महामंत्र सामूहिक जाप





## खबर संक्षेप

### भिलाई निगम की सामान्य सभा आज

**भिलाई।** भिलाई निगम की सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 11 अप्रैल सुबह 11 बजे निगम सभागार में आयोजित की गई है। यह बैठक 28 मार्च को आयोजित थी लेकिन संक्षेपिका नहीं मिलने को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। सभापति गिरवर बंटी साहू ने इस सभा को स्थगित कर दिया था। इस सामान्य सभा में एजेंडे के प्रस्तावों पर पक्ष व विपक्ष के पार्षद अपने विचार रखेंगे। उसके बाद एजेंडे का प्रस्ताव पारित हो सकेगा।

### नाबालिग को भगाने वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपहत बालिका एवं आरोपी के ग्राम राखी पाटन में होने की सूचना पर पुलिस टीम रवाना कर अपहत बालिका एवं आरोपी तरूण कौशिक पिता स्व. डेमन कौशिक उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम राखी पाटन को बरामद किया गया। पीड़िता से पूछताछ पर आरोपी तरूण कौशिक द्वारा पीड़िता को नाबालिक जानते हुए बहला फुसला कर शादी का झांसा देते हुये माता-पिता के वैध संरक्षण से भगा ले जाकर पीड़िता के साथ जबरदस्ती कई बार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार करना बताने एवं आरोपी का कृत्य धारा 137(2), 87, 64(2)(एम) बीएनएस, 04, 06 पाक्सो एक्ट का पाये जाने से आरोपी को कोर्ट पेश किया गया। जहां उसे जेल भेज दिया गया।

### लापरवाही : 26 साल से दुकानों को आवास बनाकर कब्जे में रह रहे हैं लोग

# करोड़ों की जमीन पर दुकानें बनीं आवास, निगम का नहीं कोई प्लान

**वार्ड क्रमांक 33 में स्वावलंबी योजना के तहत 33 दुकानें बनी, पीछे समृद्धि बाजार भी नहीं लगी**

देवीलाल साहू ⏭ भिलाई

वार्ड क्रमांक 33 में निगम की करोड़ों रुपए की बेशकीमती जगह कब्जे में है। हुडको क्वार्टर इलाके के करीब इस जगह पर 26 साल पहले निगम ने 33 दुकानें बनाई और इसके पीछे करीब 40 डिसमिल जमीन पर समृद्धि बाजार प्रारंभ करवाया। स्वावलंबी योजना के तहत ये दुकानें व बाजार शुरू की जानी थी लेकिन निगम प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। तीन दुकानें की एलॉट हुई बाकी दुकानों पर लोगों ने धीरे-धीरे कब्जा कर लिया। मौजूदहालात यह है कि इतने सालों में पूरी दुकानों पर लोग कब्जा कर रह रहे हैं। उसके बावजूद इस बेशकीमती जमीन को संरक्षित करने के लिए निगम ने कोई प्लान ही नहीं बनाया।




निगम की 33 दुकानों में लोग इस तरह काबिज होकर अपना आवास बना लिया है।

### निगम के पास कोई प्लान नहीं

दुकानों के ठीक पीछे खाली भूखंड है। इस भूखंड में स्वावलंबी योजना के तहत समृद्धि बाजार लगाना था। रहवासियों ने बताया कि शुरूआत में कुछ दिन ही हाट=बाजार लगी। उसके बाद सब्जी-भाजी , फल आदि बेचने वालों ने आना छोड़ दिया। तब से ये जगह खाली पड़ी है। इस जगह पर अब तक निगम ने कोई प्लान नहीं बनाया है। इस रिक्त जगह पर भू माफियाओं की नजर लगी हुई है।



बेशकीमती रिक्त भूमि जिसमें समृद्धि बाजार लगनी थी।

### निगम को देते हैं टैक्स न ही कोई दस्तावेज

वार्ड क्रमांक 33 की इस जगह पर दुकानों पर कब्जा कर कोई 25 साल से रह रहा है तो कोई 20 साल से। न ही निगम को ये लोग टैक्स देते हैं और न ही इनके पास निगम का कोई दस्तावेज है। जिसे दिखाकर यह कह सकें कि हमें मालिकाना हक भी मिलना चाहिए। आमतौर पर गरीब वर्ग के लोगों का यहां कब्जा है इसलिए अब तक इस वार्ड के जितने भी पार्षद बने उन्होने दिलचस्पी नहीं दिखाई।

### निगम की बड़ी लापरवाही, दुर्घटना का अंदेशा

दुकानों में जब एक-एक कर लोगों ने कब्जा करना शुरू किया तो निगम ने कोई कार्रवाई नहीं की। नतीजा पूरी दुकानें कब्जे में चली गई। वर्तमान में इन दुकानों की हालत जर्जर हो चुकी है। तीन दुकानें इतनी कंडम हो गई कि उन्हे काबिजों ने ही खाली कर दिया। जिस हाल में इन दुकानों की छतें और दीवारें है उससे कभी भी दुघर्टना की संभावना बनी हुई है। ऐसे में जान-माल का नुकसान भी हो सकता है।

### स्पोर्ट्स कांपलेक्स बने

"स्वावलंबी योजना के तहत बनी पूरी दुकानें जर्जर हाल में हैं। पीछे रिक्त जगह है जिसे समृद्धि बाजार के लिए रखा गया था। अब ये खाली है। यहां स्पोर्ट्स कांपलेक्स हमने निगम बजट में शामिल करने के लिए दिया है। घनी आबादी क्षेत्र होने की वजह से यहां खेल मैदान नहीं है। वार्ड 33, वार्ड34, वार्ड 35 और 37 के बच्चों के लिए मैदान बेहद उपयोगी होगा।

**-एन शैलेजा राजू** , स्थानीय पार्षद

### कोई प्लान नहीं

"वार्ड 33 के उक्त जमीन पर निगम का कोई प्लान तैयार नहीं किया गया है। यदि स्थानीय पार्षद ने वहां के लिए कोई प्लान दिया है तो उसे इस साल के बजट में शामिल कर हमने सभी वार्डों के प्रस्तावों को राज्य शासन को भेज दिया है। शासन जिन कार्यों के प्रस्तावों को मंजूर करेगी उसे हम करवाएंगे।

**नीरज पाल**, महापौर ननिभि

**काबिजों का यह कहना**

### कभी निगम ने नहीं हटाया



काबिज दिलीप साव का कहना है के हम लोग पिछले 25 साल से इन दुकानों पर रह रहे हैं। छह लोगों के साथ यहां रहते हैं। निगम ने कभी भी हमें हटने के लिए नहीं कहा। इसलिए रहते रहे। कोई दस्तावेज नहीं है। टैक्स भी नहीं जमा करते। दुकानें जर्जर हो गई है लेकिन हमारे पास कोई दूसरी जगह नहीं है।

### मकान दें तो छोड़ देंगे



काबिज हेमलता कहती है कि आठ साल से यहां रह रहे हैं। उनके पति पार्टी आदि में काम करते हैं और गुजारा चलता है। पांच लोगों का परिवार है। जर्जर मकान में रहना हमारी मजबूरी है। निगम प्रशासन हमें कोई दूसरी जगह मकान दें तो यहां से चले जाएं। हर पल खतरा बना रहता है। बिजली भी निगम ने लगवाई है।

### पीएम आवास के लिए पैसे नहीं



काबिज संगीता पुरैइया कहती है कि 20 साल से इस दुकान में रह रहे हैं। इतने सालों में कभी किसी ने हमें दूसरी जगह दिलाने का प्रयास नहीं किया। इसलिए हम यहीं रह रहे हैं। एक सप्ताह पहले निगम की टीम सर्वे के लिए आई थी और कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का मकान दिलवाएंगे। फार्म भरा है लेकिन इस योजना का पैसा जमा करने के लिए भी हमारे पास पैसे नहीं हैं।

### जामुल पुलिस का मामला

## राहगीरों को लूटने वाले तीन आरोपी पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जामुल पुलिस ने राहगीरों को लूटने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। दोस्तों के साथ जन्मदिन मनाकर मोटर साइकिल से लौट रहे युवक से लूट की वारदात की थी। आरोपी दिशु जगत पिता संतोष जगत उम्र 19 साल निवासी न्यू खुर्सीपार केनाल रोड उड़िया मोहल्ला थाना खुर्सीपार, हिमांशु सिंह पिता हेमराज सिंह उम्र 20 साल निवासी दुर्गा मंदिर के पीछे लक्ष्मी पारा जामुल थाना जामुल, जय कुमार साहू उर्फ छोटु उर्फ डी.जे. पिता दुजेराम साहू उम्र 18 साल निवासी वार्ड 03 संतोषी चैक जामुल थाना जामुल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक प्रार्थी कुलदीप निषाद निवासी बाजार चैक ग्राम अहेरी थाना नंदिनी नगर का रहने वाला थाना जामुल उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 8 अप्रैल की रात्रि करीबन 12:30 बजे अपने दोस्त के जन्मदिन पार्टी से अपनी मोटर सायकल से घर लौट रहा था। एम.पी.ई.बी. चौक जामुल के पास स्कुटी सवार 03 लड़के आये और धारदार चाकु दिखाकर मारपीट कर जेब में रखे नगदी 500 रूपये, मोबाईल फोन एवं आधार कार्ड जबरदस्ती लूट कर भाग गये। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना जामुल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### हुलिया के आधार पर संदेही पकड़ में

प्रार्थी के बताये हुलिया के आधार संदेहियो को पकड़ा गया। संदेहियों से पुछताछ करने पर पहले तो पुलिस को गुमराह करते रहे किन्तु बारिकी से पूछताछ करने पर प्रार्थी के साथ लूट करना स्वीकार किया। तीनो आरोपी साथ मिलकर घटना को अंजाम दिये है। प्रार्थी से लूट की गई नगदी रकम 500 रूपये, मोबाईल फोन, आधार कार्ड एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी एवं धारदार चाकू को जप्त की गई है। आरोपी दिशु जगत पूर्व में नेवई क्षेत्र में एटीएम तोड़फोड़ के मामले में भी जा चुका है जेल। तीनो आरोपियों को जेल भेजा गया।

- **बैज ने कहा :** गृह और प्रभारी मंत्री से प्रदेश नही संभल रहा, दें इस्तीफा
- **परिजनों ने कहा :** पुलिस ने की बर्बरता, निष्पक्ष जांच की भी मांग

# परिजन ने बैज से की सीबीआई जांच की मांग, दोषी जो भी हो, दें फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



उरला वार्ड में रामनवमी के दिन छः साल की बच्ची से हुई बर्बरता के बाद मौत मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होने परिजनों के घर पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ली। परिजनों ने बैज से मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। वहीं परिजनों ने पुलिस की बर्बरता को लेकर भी सवाल उठाए हैं। प्रदेश अध्यक्ष बैज गुरूवार को दुर्ग पहुंचे थे। उन्होंने मीडिया से चर्चा में बताया कि, परिजन पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नही हैं। उन्होने कहा कि पुलिस ने परिवार के आठ साल की नाबालिग को ढाई बजे रात उठा ले गई। उसे डराया धमकाया गया, जिससे बच्ची सदमे में है। वहीं दादी और दादा से भी मारपीट की गई हैं, यह घटना दिल्ली के निर्भया कांड से भी अधिक बर्बरतापूर्व की गई हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने पुलिस के इस कार्यवाही को लेकर सवाल उठाए है। उन्होने कहा कि, अब पुलिस खुद ही जजमेंट करने लगी है। जिले में नशा और गुंडाराज का माहौल है। ऐसे में समय में जिले के प्रभारी मंत्री का एक भी बयान नही है। उन्होने कहा प्रभारी मंत्री को नैतिकता के नाते इस्तीफा दे देना चाहिए। बैज घर के छत में घटनास्थल तक गए थे। उन्होने कहा क्या पुलिस लोहडीगुडा जैसे मामला दुर्ग में भी बनाना चाहती है क्या? इस दौरान दीपक बैज, कांग्रेस नेत्री फुलोदेवी नेताम, पूर्व विधायक अरूण वोरा, पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल, ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, मुकेश चंद्राकर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेन्द्र साहू, आरएन वर्मा, अयुब खान, मोहित वाल्दे सहित अन्य थे।

### प्रदेशाध्यक्ष ने उठाए मामले में सवाल

मीडिया से चर्चा में कहा कि, इस पूरे मामले में पुलिस की कार्यवाही पर परिजनों ने सवाल डठाए है। बैज ने कहा सवाल यह है कि, पुलिस ने घटना स्थल से बच्ची को कब बरामद किया, वहीं कार में बच्ची का शव किसने रखा था व कार में शव कैसे पहुंची। उनका कहना है कि परिजनों का शक है कि, इस घिनौनी वारदात को एक आरोपी नही कर सकता बल्कि इसमें और भी लोग शामिल थे। प्रदेशाध्यक्ष से चर्चा में मृतक बच्ची की मां ने कहा पुलिस निष्पक्ष जांच करे और भले ही आरोपी चाचा क्यों न हो, उसे फांसी की सजा होनी चाहिए।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# सुधरेगी खुर्सीपार मिनी व इंडोर स्टेडियम की हालत

**कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

खुर्सीपार मिनी व इंडोर स्टेडियम की दशा सुधरेगी।

सालों से बंद पड़े इस स्टेडियम के जीर्णोद्धार करने की प्लानिंग बनाने के निर्देश कलेक्टर अभिजीत सिंह ने गुरुवार को दिए। स्टेडियम खुर्सीपार मिनी स्टेडियम का निरीक्षण करने करने गए। स्टेडियम के नीचे 2007 से बनी हुई दुकानें है उसे किस प्रकार से वर्तमान स्थिति में मूल्यांकन करके उपयोगी बनाया जाए इस पर चर्चा की।

### संयुक्त जांच समिति भी गठित

स्टेडियम का निर्माण लोक कर्म विभाग दुर्ग द्वारा किया गया था। निर्माण उपरांत खेल विभाग दुर्ग के अधिपत्य में दे दिया गया था। वर्तमान में स्टेडियम की स्थिति देखकर के नाराजगी व्यक्त किये उन्होंने कहा कि इतने अच्छे प्राइम लोकेशन पर निर्मित स्टेडियम में से खिड़की दरवाजे, खेल सामग्री, विद्युतीकरण सामग्री चोरी हो गया किसी को पता नहीं चला। जबकि स्टेडियम से 500 मीटर दूरी पर खुर्सीपार पुलिस थाना है। उन्होंने खेल अधिकारी से पूछा खेल विभाग द्वारा इसे नगर निगम को हैंडओवर क्यों नहीं किया गया। कलेक्टर के आदेश पर तुरंत एक संयुक्त जांच समिति गठित किया गया है। जिसके द्वारा किन-किन संपत्तियों का नुकसान हुआ है उसका वास्तविक अवलोकन किया जाएगा । जिसमें लोक निर्माण विभाग दुर्ग से कार्यपाली अभियंता एवं सहायक अभियंता, खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग से उपसंचालक एवं खेल अधिकारी, थाना छावनी के थाना प्रभारी, नगर निगम भिलाई के जोन आयुक्त एवं कार्यपालन अभियंता नुकसान का वास्तविक आकलन करके 15 दिन के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।




**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301



# जिले के नौ गांव में बनेंगे सवा दो करोड़ की लागत से महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के नौ ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनाया जाएगा। इसके लिए आरईएस विभाग ने राज्य शासन को सवा दो करोड रूपए का प्रस्ताव भेजा है। विभाग ने बकायदा टेंडर भी करा लिया है। जिसके बाद गांव में निर्माण कार्य भी शुरू हो गया हैं।

अलग खबर

जानकारी अनुसार महिला सशक्तीकरण को बढावा देने के लिए नौ ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। दुर्ग में निकुम, अंडा, नगपुरा व धमधा में मुरमुंदा, मेडेसरा, दनिया, अछोटी, देवरी और माटरा शामिल हैं। सभी ग्राम पंचायत में 24 लाख 70 हजार की लागत से महतारी सदन का निर्माण किया जाना है। आरईएस विभाग द्वारा सभी नौ गांव में निर्माण के लिए टेंडर भी जारी कर दिया है। वर्क आर्डर जारी होने के बाद ठेकेदारो ने निर्माण शुरू कर दिया है। लेकिन स्वीकृत राशि का आबंटन नही होने से समस्या खडी हो गई है। अफसरों ने बताया कि, आने वाले दिनों में राज्य शासन द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में महतारी सदन खोलने की प्लानिंग है। उल्लेखनीय है कि, पिछले दिनों पंचायत मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री ने प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन खोलने की घोषणा की थी।

## टेंडर के बाद प्रक्रिया शुरू, छह माह में पूरा करना है निर्माण

### रोजगार का बनेगा केन्द्र

महतारी सदन का उपयोग महिलाओं को रोजगार देने के लिए उपयोग किया जाएगा। महतारी सदन सामूहिक कार्यक्रमों में भागीदारी और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में बनाए जाने वाले एक नए भवन का नाम है, जिसकी योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 में शुरू हुई है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाना हैं। इसके जरिए सामुदायिक कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना हैं। महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना मुख्य उछेश्य हैं।



### डेढ करोड़ रूपए जतन योजना के अटके

तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा जिले में स्कूलों की मरम्मत के लिए मुख्यमंत्री जतन योजना की शुरूआत की थी। इस दौरान बडी संख्या में स्कूलों की मरम्मत भी की गई थी। आरईएस विभाग के अफसरों का कहना हैं कि, वर्तमान में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। लेकिन ठेकेदारों को डेढ करोड रूपए की राशि बकाया है। ठेकेदारों ने बिल भी लगा दिया हैं। लेकिन भुगतान नही हुआ है।

**टेंडर किया**

जिले के नौ ग्राम पंचायत में महतारी सदन खुलना है। इसके लिए कार्य शुरू कर दिया गया हैं।
-जितेन्द्र मेश्राम, ईई आरईएस विभाग दुर्ग

## खबर संक्षेप

### आम्बेडकर जयंती पर होंगे आयोजन

**दुर्ग।** शहर में बौद्ध एवं आम्बेडकर अनुयायी सभी संगठनो द्वारा 14 अप्रैल 2025 को बौधीसत्व विश्वरत्न डॉ. बी.आर. आम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती बड़े हर्षोलास से हिन्दी भवन के सामने झाडूराम देवांगन गवर्नमेंट स्कूल के मैदान में सार्वजनिक जयंती समारोह समिति दुर्ग द्वारा आयोजित की गई है। जयंती कार्यक्रम में गोंडवाना समाज, कुर्मी समाज, सतनामी समाज, साहू समाज, देवांगन समाज, संत रविदास समाज, वाल्मिकी समाज, घासी घसीया समाज आदि समाजों द्वारा अपनी सहभागीता दी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयंती कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9:00 बजे से डॉ.बी.आर.आम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल कलेक्टर परिसर दुर्ग में मानवंदना से की जायेगी। तत्पश्चात शाम 4 बजे से अनुराग धारा (कविता वासनिक) राजनांदगांव की प्रस्तुती होगी। 6 बजे से बच्चों द्वारा डॉ.बी. आर. आम्बेडकर जी के जीवनी पर उद्बोधन करेंगे। शाम 7 बजे से अतिथि के स्वागत एवं उद्बोधन पश्चात वक्ता डॉ. सुरेश माने प्रोफेसर मुंबई यूनिवर्सिटी एवं उषा बौद्ध राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय परिवारीक धम्म संगोष्ठी का डॉबीआर आम्बेडकर के जीवनी एवं भारतीय संविधान आदि विषयों पर उद्बोधन होगा। रात्रि 10 बजे से जाधव सिस्टर्स मुंबई द्वारा कव्वाली, प्रबोधन का कार्यकम आयोजित किया गया है। आयोजन समिति द्वारा सभी को कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### उर्स पाक कमेटी की बैठक आज

**दुर्ग।** हज़रत बाबा सैयद अब्दुल रहमान शाह काबुली रहम्तुल्लाह अलैह पुराना बस स्टैंड दुर्ग छत्तीसगढ़ के 73वें उर्स मुबारक मई 2025 में आयोजित कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सालाना उर्स पाक कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश देशलहरा के निर्देशानुसार एक अति आवश्यक बैठक 11 अप्रैल को दुर्ग ट्रांसपोर्ट कंपनी कार्यालय में रात्रि 8 बजे आहूत की गई है। बैठक में सालाना उर्स पाक कमेटी के समस्त पदाधिकारी व सदस्यों का उपस्थित होना अनिवार्य है। यूनुस पटेल सचिव सालाना उर्स पाक कमेटी ने यह जानकारी दी।

### स्टील किचनवेयर के लिए सुझाव आमंत्रित

**भिलाई।** सेल की सलेम स्टील प्लांट इकाई ने अपनी आगामी प्रीमियम स्टेनलेस स्टील किचनवेयर उत्पाद श्रृंखला के लिए एक राष्ट्रव्यापी ब्रांड नामकरण प्रतियोगिता की घोषणा की है। यह प्रतियोगिता भारत के सभी नागरिकों के लिए खुली है और इसका उद्देश्य एक ऐसा ब्रांड नाम चुनना है, जो इस नवीन उत्पाद श्रेणी की पहचान बनेगा। सलेम स्टील प्लांट द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार, चयनित ब्रांड नाम का ट्रेडमार्क पंजीकरण कराया जाएगा। यह ब्रांड नाम सलेम स्टील की उत्कृष्ट गुणवत्ता, टिकाऊपन तथा डिज़ाइन श्रेष्ठता का प्रतीक बनने योग्य होना चाहिए। यह प्रतियोगिता संगठन की नवाचार, बाज़ार विस्तार और भागीदारी-आधारित ब्रांडिंग के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## पुनर्गठन से प्रभावित होगी जिले की 93 सोसाटियां, नई समिति बनेगी

# तीन जिले में 93 नई सोसायटियां पांच सौ किसानों का बनेगा बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

*छग के सहकारिता विभाग द्वारा प्राथमिक सोसायटियों को पुनर्गठन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसका उछेश्य गांव में आसानी से किसानों तक सहकारिता की सुविधा पहुंचाना है। इस नए फैसले की माने तो पहले जहां 750 से एक हजार तक सदस्य होने पर समितियां बनती थी। लेकिन अब पांच सौ सदस्य होने पर भी समितियां का बैंक तैयार हो सकेगा। इस निर्णय से किसानों को राहत मिलेगी।*

जानकारी अनुसार जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक दुर्ग के अधीन दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिले की 311 समितियां संचालित हैं। पुनर्गठन के बाद अब यह संख्या बढकर 404 हो जाएगी। राज्य शासन द्वारा पुनर्गठन की अधिसूचना जारी कर दी गई हे। जिसके बाद मुख्यालय में समितियों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। जल्द ही पुनर्गठन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दुर्ग में जहां 31 बेमेतरा में 38 और बालोद में 24 नई सोसायटी अस्तित्व में आ जाएगी। बहरहाल एक समिति में कम से कम पांच सौ व अधिकतम 750 सदस्य संख्या के प्रावधान किए गए है। पूर्व में 750 से 1000 तक सदस्य होने पर ही समिति गठित किए जाने का प्रावधान था। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले वर्ष 2020 में कांग्रेस की सत्ता में भी पुनर्गठन किए जा चुके हैं। उस दौरान भी तीनों जिले में सौ से अधिक समितियां नई अस्तित्व में आई थी।

### तीनों जिले में अब होंगे 404 सोसायटी, किसानों को मिलेगी सुविधा



### एक गांव में एक सोसायटी, राशन दुकान भी चलेगी

जानकारी अनुसार केन्द्रिय सहकारिता मंत्री अमीत शाह पैक्स को लेकर बडी प्लानिंग कर रहे है। आगामी दिनों केन्द्र सरकार की योजना है कि, एक ग्राम पंचायत में एक समिति होगी। जिसके जरिए गांव में रोजगार की उपलब्धता हो सके। बहरहाल समितियों में सीएससी सेंटर चल रही है। वही केन्द्र की निगरानी में किसानों से समिति में बीज खरीदने की भी योजना हैं। वहीं पीडीएस का संचालन भी सोसायटी करेगी। सीईओ एसके जोशी ने बताया कि, पीडीएस के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भी भेज दिया गया हैं। सोसायटी के विस्तार से किसानों को धान बेचने लंबी दूरी का इंतजार नही करना पडेगा।

### बालोद में 24 नई सोसायटी बनेंगी

जानकारी अनुसार बालोद जिले के सांकरा ज सोसायटी से अलग होकर द नवांगाव समिति बनेगी, वहीं लाटाबोड से अलग होकर खपरी, करहीभदर से लिमोरा, मिर्रीटोला से चंदनबिरही, पलारी से सनौद, फागुनदाह से पंडरवानी, डौंडी से बम्हनी, भर्रीटोला से ठेमाबुजुर्ग, कोटागांव से सुरडोंगर, कुसुमकसा से भर्रीटोला, साल्हे से चिखली, गुजरा से खलारी, चिखलाकसा से बिटाल, गैंजी से झरनटोला, रेंगाडबरी से नंगुटोला, अछोली से परसाडीह, सुरेगांव से भुरकाभाट, कुरदी से डुंडेरा, पिरीद से कमरौद, गब्दी से माहुद अ, पिनकापार से सरेखा, सिर्री से तिलोदा और भंवरमरा से खोलझर है। वहीं दुर्ग जिले में कोडिया से अलग होकर धनोरा नई समिति व इसी तरह से नगपुरा से दमोदा, रसमडा से गिनयारी, कोतरो, दनिया, पथरिया, पुरदा, अरसी, करेली, पेंड्री, दारगांव, नंदवाय, नंदनी खुंदनी, सेमरिया, खजरी, मेडेसरा, सुरडुंग, मलपुरीकला, हिरेतरा, भाठाकोकडी, सिल्ली, जरवाय, सिकोला, उरला, महकाखुर्द, असोगा, खोला, अरमरीखुर्द, ढौर, अरसनारा, धौराभाठा नई सोसायटी शामिल है।

### बेमेतरा में बनेंगे तीन दर्जन नई समिति

जानकारी अनुसार बेमेतरा जिले में 36 नई सोसायटी बनेगी। जिसमें कन्हेरा से अलग होकर ओडिया, केहका से बीजागोड, साजा से परसबोड, परपोडी से भटगांव और चेचानमेटा से जानो, गाडाडीह से लुक, कोंगियाकला से मासुलगोंदी, खम्हरिया से नवागांवकला, पदुमतरा से कंदई, तेंदुआ, केशडबरी, हरदी, सांकरा, कुम्ही, लावातरा, भांठासोरही, आन्दु, परपोडा, बसनी, गांगपुर, खैरझिटी, बिटकुली, लालपुर, जांता, बटार, पडकीडीह, करचुवा, मजगांव, जंगलपुर, गनिया, चक्रवाय, मेहना, कुंवा, चिचोली, एरमशाही, गनियारी, तेंदुआ, झिलका नई सोसायटी बनेगी।

### चल रही तैयारी

"तीनों जिले में 93 नई सोसायटियां पुनर्गठन के तहत बनाई जाएगी। अधिसूचना जारी होने के बाद प्रकिया चल रही हैं।
**एसके जोशी**, सीईओ

कर्मा जयंती व सम्मान समारोह

## धमधा में साहू समाज भवन के लिए 25 लाख की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के धमधा तहसील के अंतर्गत ग्राम धौराभाठा में आज 1009वीं कर्मा जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। तहसील साहू संघ धमधा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी को भक्त माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने समाज के पदाधिकारियों की मांग पर तहसील मुख्यालय धमधा में साहू समाज भवन के लिए 25 लाख रूपए की घोषणा की। समारोह को पूर्व गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, प्रदेश तेल घानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, हस्त शिल्प कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक साहू और साहू समाज दुर्ग के जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर ग्राम के पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

- कर्मा जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री
- ग्राम धौराभाठा में हुआ आयोजन

### समाज हर क्षेत्र में बढ़ रहा आगे

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि, साहू समाज की विशेषता मेहनत की कमाई और ईमानदारी है। इसी के बल पर आज समाज आगे बढ़ रहा है। आज साहू समाज अपने मेहनत ईमानदारी से समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि साहू कुल के बेटा देश का नेतृत्व कर रहा है। जिसके नेतृत्व में देश मे गांव, गरीब और किसान के विकास के साथ हर क्षेत्र गौरान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि साहू समाज सभी समाज को साथ लेकर चलने वाला समाज है।

## मेयर ने समस्या के निराकरण की बात कही

# महापौर ने काउंटर में बैठकर लोगों को किया फार्म वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सुशासन तिहार के तहत बोरसी जोन कार्यालय में पहुँचकर महापौर अलका बाघमार ने खुद काउंटर पर बैठकर लोगो से आवेदन लिए और हितग्रहियो को फार्म भी बांटे। महापौर ने नागरिकों से उनकी समस्याओं को सुनकर उनकी समस्या का निराकरण करवाए जाने की बात कही। उन्होंने अन्य समस्याओं के लिए जानकारी लेकर संबंधित विभाग को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किए। सुशासन तिहार में सबसे ज्यादा माँग की आवेदन पहुच रहे है। महापौर ने लोगों से मिलकर व्यवस्था की जानकारी ली और अधिकारियों को लोगों को आवेदन लिखने में भी सहयोग करने की बात कही। इस दौरान शिविर में एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, चंद्रशेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल,पार्षद सविता साहू,पार्षद गुलशन साहू, पूर्व पार्षद ज्ञानदास बंजारे, कार्यपालन अभियंता वीपी मिश्रा, गंगाधर ठाकरे, सोमलता साहू, शिवेंद्र साहू सहित अन्य मौजूद रहें। वहीं सड़क सीमेंटीकरण और रोशनी की व्यवस्था से जुड़े आवेदन, पाइप लाइन सीवरेज, नाली निर्माण, वृद्धा पेंशन से भी जुड़े आवेदन शिविर में आ रहे हैं। जिसमें शिकायत से अधिक मांग के आवेदन हैं। अब तक कुल 647 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे बोरसी ज़ोन कार्यालय से माँग 182 व शिकायत 3 मिले, चंद्रशेखर स्कूल में माँग के 78 आवेदन और शिकायत के 11 मिले, उरला जोन कार्यालय से 26 माँग के आवेदन तो शिकायत के 23 मिले,महात्मा गांधी स्कूल से माँग के 8 आवेदन और शिकायत के 3 आवेदन मिले। इसके अलावा नगर निगम कार्यालय से 122 माँग के आवेदन एवं 17 शिकायत के आवेदन मिले इसके अलावा आदित्य नगर जोन कार्यालय से 163 माँग के आवेदन और 11 शिकायत के आवेदन मिले।

## आरआई की नियुक्ति करने जिला पंचायत अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग।** राजस्व निरीक्षक की नियुक्ति के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होने बताया कि, दुर्ग जिले के अहिवारा तहसील के मुरमुन्दा क्षेत्र में राजस्व निरीक्षक की पिछले 7–8 महिने से नियुक्ति नहीं हुई है। जिससे शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन, सीमांकन कार्य, तहसील से संबंधित विभिन्न कार्य प्रभावित हो रहे हैं। क्षेत्र के कृषकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर तत्काल राजस्व निरीक्षक (आरआई) की नियुक्ति की मांग की। राजस्व निरीक्षक की नियुक्ति से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी।

दिन में गर्मी का एहसासः भिलाई में गर्मी का एहसास होने लगा है। जिससे सड़क सूनी हो गई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बोरी, वि.ख. धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**-: बाजार नीलामी सूचना वर्ष 2025-26 :-**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बोरी के सप्ताहिक बाजार लगने वाले दिन क्रमशः शुक्रवार, सोमवार एवं बुधवार को दिनांक 14/04/2025 से 31/03/2026 तक के लिए नीलामी दिनांक 14/04/2025 दिन सोमवार समय 12 बजे स्थान ग्राम पंचायत भवन बोरी में किया जावेगा इक्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग लेने हेतु सादर आंमत्रित हैं।

**नीलामी कि शर्ते :-** 1. बाजार लगने वाले दिन क्रमशः शुक्रवार,सोमवार एवं बुधवार को ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित टेक्स वसूल किया जाएगा। 2. इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग लेने के लिए अमानत राशि 25000/- ग्राम पंचायत में जमा करना होगा। 3. नीलाम की उच्चतम बोली स्वीकार किया जाएगा। 4. बोली स्वीकार होने के तत्काल 50/- स्टाम्प व नीलामी मूल्य के पचास प्रतिशत राशि तत्काल ग्राम पंचायत में जमा करना होगा तथा शेष बचत राशि को एक माह के अंदर जमा करना होगा। 5. निर्धारित समय में राशि जमा ना होने की स्थिति में उक्त नीलाम निरस्त कर पुनः नीलामी किया जाएगा तथा पंचायत में जमा राशि राजसात कर दिया जाएगा। 6. नीलाम लेने वाले व्यक्ति द्वारा किसी अन्य को हस्तांतरित नहीं करना हैं। 7. ग्राम पंचायत के बकायादार को बोली की अनुमति नहीं दिया जायेगा। 8. बोली कर्ता को प्रत्येक बोली कम से कम 1000/- के अन्तराल बोली लगाना होगा। बोली लगाने के समय से लेकर संपन्न होते तक कमरा से बाहर नही जा सकता शर्ते के अवहेलना करने पर अमानत राशि जब्त किया जा सकता हैं। 9. बाजार स्थल कि साफ सफाई स्वयं ठेकेदार द्वारा प्रत्येक सप्ताह करना होगा। 10. मंडई खर्च स्वयं ठेकेदार द्वारा किया जाएगा। 11. उपरोक्त शर्ते के अतिरिक्त उक्त नीलाम का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत बोरी के पास रहेगा।

सरपंच
ग्राम पंचायत बोरी
वि.ख. धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

## मांग 39829 एवं शिकायत 1094 आवेदन प्राप्त हुए

# सुशासन तिहार: जिले में तीन दिन में इकतालीस हजार मांगों की हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सुशासन तिहार के महज तीन में ही जिला प्रशासन के समक्ष 41 हजार से अधिक आवेदन सिर्फ मांगों के सामने आने से अफसरों के पसीने छूट गए है। इस आवेदनों की बहरहाल आनलाइन एंट्री की जा रही है। दूसरे चरण के तहत शिविर के जरिए सामाधान किया जाएगा। जिले में शुभारंभ मंगलवार 8 अप्रैल से किया गया। सुशासन तिहार समस्याओं का समाधान है। प्रथम चरण 08 से 11 अप्रैल तक आम जनता से समस्या संबंधी आवेदन लिए जाएंगे। द्वितीय चरण में आवेदनों का निराकरण एवं तृतीय चरण 05 से 31 मई 2025 समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुशासन तिहार को लेकर ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के लोगों में काफी उत्साह देखा गया। सुशासन तिहार के प्रथम चरण के 8 अप्रैल से 10 अप्रैल 2025 तक कुल 40923 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 39829 मांगे व 1094 आवेदन शिकायत से संबंधित है। सबसे अधिक जनपद पंचायत पाटन में 20178 आवेदन, जनपद पंचायत दुर्ग में 10208 आवेदन एवं जनपद पंचायत धमधा में 4937 आवेदन प्राप्त हुए है।

### पाटन जनपद में बीस हजार मांगों की अर्जी

जिला कार्यालय में 74 जिसमें 39 मांग एवं 35 शिकायत, जिला पंचायत दुर्ग में 08 जिसमें 08 मांग, नगर पालिक निगम दुर्ग में 1040 जिसमें 912 मांग एवं 128 शिकायत, नगर पालिक निगम भिलाई में 740 जिसमें 543 मांग एवं 197 शिकायत, नगर पालिक निगम रिसाली में 381 जिसमें 320 मांग एवं 61 शिकायत, नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में 295 जिसमें 227 मांग एवं शिकायत 68, नगर पालिक परिषद अहिवारा में 89 जिसमें 69 मांग एवं 20 शिकायत, नगर पालिक परिषद कुम्हारी में 362 जिसमें 322 मांग एवं 40 शिकायत, नगर पालिक परिषद जामुल में 98 जिसमें 85 मांग एवं 13 शिकायत, नगर पंचायत धमधा में 314 जिसमें 304 मांग एवं 10 शिकायत, नगर पंचायत पाटन में 162 जिसमें 146 मांग एवं 16 शिकायत, नगर पंचायत उतई में 1737 जिसमें 1712 मांग एवं 25 शिकायत, नगर पंचायत अमलेश्वर में 190 जिसमें 154 मांग एवं 36 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार अनुविभागीय कार्यालय दुर्ग में 11 आवेदन प्राप्त हुए जो मांग 01 एवं 11 शिकायत हैं। धमधा में 06 जिसमें मांग 05 एवं 01 शिकायत, पाटन में 3 जिसमें मांग 01 एवं 02 शिकायत हैं। भिलाई 3 में 09 आवेदन प्राप्त हुए जो मांग 8 एवं 1 शिकायत हैं। जनपद पंचायत दुर्ग में 10208 आवेदन जिसमें 10145 मांग एवं 63 शिकायत, धमधा में 4937 जिसमें मांग 4758 एवं 179 शिकायत, पाटन में 20178 आवेदन जिसमें 20008 मांग एवं 170 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए है। तहसील कार्यालय दुर्ग में 33 आवेदन जिसमें 25 मांग एवं 8 शिकायत प्राप्त हुए हैं, तहसील कार्यालय धमधा में 7 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 07 आवेदन मांग प्राप्त हुए है। तहसील कार्यालय पाटन में 8 आवेदन प्राप्त हुए जो 6 मांग एवं 2 शिकायत हैं। तहसील कार्यालय भिलाई 3 में 32 आवेदन जिसमें 23 मांग और 9 शिकायत एवं तहसील कार्यालय अहिवारा में 1 आवेदन प्राप्त हुए है जो 1 मांग आवेदन प्राप्त हुए।



## भूमि उपलब्ध कराने डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही ने शासन से की मांग

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के प्रथम चरण के तीसरे दिन सोशल एवं एनवायरनमेंट एक्टिविस्ट डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर मांग की है, कि दुर्ग जिला वन विहीन जिला माना जाता है। दुर्ग का तापमान भी हर वर्ष निरंतर बढ़ रहा है। अनेक बार पूरे प्रदेश में सर्वाधिक तापमान वाले नंबर वन शहर के रूप में भी संज्ञान में आया है। तापमान को कम करने के लिए जगह जगह छोटे छोटे वन लगाने की आवश्यकता है। जिस तरह तालपुरी में ₹ नगर वन ₹ बनाया गया है, उसी तर्ज पर अनेक वन लगाने की ओावश्यकता है। समसामयिक अवसरों पर मैने इस संबंध में पत्राचार भी किए हैं। लेकिन पता चला कि वन विभाग के पास अथवा नगर पालिक निगम के पास जमीन उपलब्ध नहीं है।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ओटेबंद में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**अंडा।** सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन 11 अप्रैल को विष्णु धाम मंदिर यज्ञ स्थल ओटेबन्द में भारतीय जनता पार्टी मंडल ओटेबन्द के तत्वावधान में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन दोपहर 2 बजे सामुदायिक भवन में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में चेमन देशमुख जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद, वीरेंद्र साहू पूर्व विधायक गुण्डरदेही, अभिषेक शुक्ला प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़, लेखराम साहू पूर्व जिलाध्यक्ष बालोद की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। वहीं इस सम्मेलन में ओटेबंद मंडल के निवासरत वरिष्ठ नेता एवं सक्रिय सदस्य अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे। उपरोक्त जानकारी कुलदीप साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष ओटेबंद ने दी।

### बोरी बाजार हफ्ते में लगेगा तीन दिन

**भिलाई।** बोरी के नवनिर्वाचित सरपंच टिकेश्वर देशमुख ग्राम विकास के लिए कई महत्व पूर्ण कदम उठा रहे है। युवा सरपंच ने बताया कि बोरी में पहले सप्ताह में दो दिन लगता था अब तीन दिन लगेगा।

### ग्रामीण स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती आज

**अंडा।** ग्राम गांधी नगर अंडा में समस्त ग्रामीण साहू समाज के द्वारा ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती एवं माँ कर्मा की प्राण प्रतिष्ठा 11 अप्रैल को इतवारी बाजार चौक कर्मा मंदिर में रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रामीण साहू समाज की महिलाओं द्वारा सुबह 9 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी, 11 बजे से माँ कर्मा की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा, दोपहर 1 बजे से अतिथि आगमन एवं सम्मान समारोह का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विद्यायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, अध्यक्षता प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रमशीला साहू होंगे। इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि अध्यक्ष तहसील साहू संघ पुसऊ राम साहू, सचिव धनेश साहू, जनपद सदस्य अजीत चन्द्रकार, सरपंच ग्राम अंडा दिग्विजय सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष दीनदयाल साहू, रमेशर साहू होंगे। यह जानकारी अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज सोहन ने दी।

### धनोरा में निकलेगी हनुमान की शोभायात्रा

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हर साल की भांति इस वर्ष भी 12 अप्रैल को शाम 4 बजे से बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो कि दरबार से निकल कर बजरंग पारा, बजार चौक, मेनगली शीतला पारा, कर्मा चौक होते हुए गौरा चौक, बमलई पारा, गोल्डन चौक होते हुए महावीर उद्यान पहुंचेगी जहां पर विराजे गदाधारी भगवान हनुमान की पूजा अर्चना करके पताका चढ़ाई जाएगी। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि शाम 4 बजे से महावीर उद्यान पर खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा एवं शोभायात्रा में भी जगह जगह प्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ के मशहूर सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग हेमलाल कौशल कृत की प्रस्तुति होगी।

## निधन

### तपन गोस्वामी



**भिलाई।** क्वार्टर नंबर 3 डी,सड़क नंबर 16,सेक्टर 8 निवासी तपन कुमार गोस्वामी (73) का 10 अप्रैल को निधन हो गयाद्ध उनका अंतिम संस्कार राम नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे रोहन एवं रूपेन गोस्वामी के पिता थे।

### राजेश शर्मा



**भिलाई।** पूर्व इंटक नेता राजेश शर्मा का आकस्मिक निधन 9-10 अप्रैल की मध्यरात्रि हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 अप्रैल को दोपहर बाद क्वार्टर नंबर26/ ए एवेन्यू-बी, सेक्टर 1 से निकली और अपराह्न 3 बजे राम नगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। वे आदित्य तिवारी,दीप्ति के पिता,राकेश शर्मा के बड़े भाई और दीपेश शर्मा व अमिताभ शर्मा के बड़े पापा थे।

### जैन भवन से जयकारे के साथ निकली 24 वें तीर्थंकर की शोभायात्रा

# भगवान महावीर की वाणी आपदा को अवसर में बदलकर कर्मों का निर्जरा कराती है: ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

भगवान महावीर जन्म कल्याणक जामगांव आर परिक्षेत्र का 31 वां महोत्सव रानीतराई में 10 अप्रैल को नवकार महामंत्र की सामूहिक गायन से युक्त भव्य शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुई। भ्रमण बाद शोभायात्रा मंचीय समारोह के रूप में परिणित हुईं। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं स्तवन भक्ति गीत और काव्य पाठ के साथ समारोह ने आयोजन को गरिमामय बना दिया। इस समारोह के अतिथि मंच में नगर पंचायत भखारा के अध्यक्ष ज्योति हरख पारख, जनपद पंचायत कुरूद के उपाध्यक्ष सतीश रायसोनी, जनपद पंचायत पाटन के सदस्य दीपमाला कोचर, समाजसेवी विजय कोचर, दुर्ग के विख्यात कवि राधेलाल लोढ़ा, नगर पंचायत भखारा के विधायक प्रतिनिधि हरख पारख, जनपद सदस्य रश्मि वर्मा, पत्रकार भेदप्रकाश वर्मा, रानीतराई सरपंच सत्यनारायण टिकरिहा, भखारा पार्षद भूपेंद्र यादव मंचासिन थे। जैन युवा मंच भखारा राल एवं हेल्प एंड सर्व फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित रहा। जिसका उद्घाटन अतिथियों ने तारा चौरड़िया के साथ मंगलाचरण किया। 122 रक्त दान दाताओं ने रक्त दान किया जिसका संग्रहण रायपुर देवेंद्र नगर गुरुद्वारा कमेटी द्वारा किया गया। हेल्प एंड सर्व फाउंडेशन द्वारा अतिथियों के हाथो शासकीय स्कूल के 30 बच्चों को बेग विथ किट वितरित किए गए। वहीं अतिथियों का स्वागत गौतमचंद चौरड़िया, मनीष बैद, डॉ. डालचंद गोलछा, यादमल गोलछा, सुरेश चौरड़िया, भविष्य राय सोनी, प्रमोद चौरड़िया, सुरेश बैद, जिनेश चौरड़िया, बबीता रायसोनी आदि ने किया।

**122 लोगों ने किया रक्त दान, 30 शासकीय स्कूली बच्चों को बांटे गए बेग विथ किट**





### जीवन में सुख और दुख कर्मों का खेल है

भखारा नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख पारख ने कहा कि भगवान महावीर का कहना मानने वालों का जीवन बड़ा सरल होता है और जो केवल भगवान महावीर को मानते हैं लेकिन कहना नहीं मानते उनका जीवन निरंतर कठिन होता चला जाता है। भगवान महावीर की वाणी आपदा को अवसर में बदलना सिखाती है। जीवन में सुख और दुख कर्मों का खेल है भगवान महावीर ने इस खेल को 27 भवों तक खेलकर निर्वाण को प्राप्त करने में सफल हुए और जगत को खेल खेलने के लिए कर्मों की सजगता के लिए संदेश दे गए। वहीं कवि राधेलाल लोढ़ा ने कहा कि संस्कार बिना रिश्तों में खुशबू नहीं आती है, संस्कार तो विरासत में मिलती है पर आज विरासत में धन की होड़ चल पड़ी है। संस्कार को भौतिकता निगलने लगी है। भगवान महावीर की वाणी रहती है हर की जुबानी। मगर संस्कार अभाव के कारण बन रही पुराने जमाने की कहानी, जैन कहलाना बड़ा आसान है जैन बनना बड़ा कठिन है। जनपद सदस्य दीपमाला कोचर ने कहा कि मनुष्य सामाजिक प्राणी है अपने विकास के साथ समाज के विकास के लिए योगदान देना चाहिए।

### समाज संस्कार का प्रभावी उद्गम स्त्रोत है

जनपद सदस्य रश्मि भेदप्रकाश वर्मा ने कहा कि परिक्षेत्र स्तर पर 31 वां महावीर जन्मकल्याणक इस क्षेत्र में मनाना कंठ मुक्त सराहनीय एकता की मिशाल है। भगवान महावीर हमें त्याग का मार्ग बताए जो इस पर चलते है निश्चित ही उन्हें बड़ा सुकून भरा जीवन प्राप्त होता है। जनपद उपाध्यक्ष सतीश राय सोनी ने कहा कि कर्मो में महावीर आना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति समाज का अभिन्न अंग है समाज जितना अच्छा मजबूत होगा उतना घर परिवार अच्छा होता चला जाएगा। समाज संस्कार प्रभावी उदगम स्त्रोत है। विधायक प्रतिनिधि हरख पारख ने कहा कि भगवान महावीर की वाणी को स्वीकार करे। संस्कार के अभाव में सोच बेलगाम होने लगता है जो किसी के हित में नहीं होता है। समारोह में रानीतराई सरपंच सत्यनारायण टिकरिहा,भखारा पार्षद भूपेंद्र यादव ने महावीर जन्म कल्याणक उत्सव की बधाई दिए।वहीं धार्मिक भक्ति नृत्य स्पर्धा में लावण्या, सावी, बैद, गगन, आगम, काव्या, हंसिका एवं 24 तीर्थंकर का नाम फ्लो में बोलो प्रतियोगिता में गगन राय सोनी, निमित, लक्ष्मी राय, सोनी, पिशा सम्मानित किए गए। ऋतुराय सोनी ने धर्म कर्म पर व्याख्यान किया। रानी चौरड़िया ने मुक्तक प्रस्तुत किए। मनोज नाहर एवं कोशिका जैन ने काबीले तारीफ स्तवन प्रस्तुत किया। महक, खुशी, मिन्नी, शैली, टीसा, बीवी जैन ने धार्मिक प्रस्तुति दिए मनीष जैन और आयूब गोलछा का भाषण धर्म प्रेरणा से ओतप्रोत रहा।

### रक्त दान दाताओं को स्मार्ट वॉच वितरित

जैन युवा मंच भखारा लाल अध्यक्ष, गौतम पारख एवं जैन श्री संघ रानीतराई के संयुक्त तत्वावधान में 122 रक्तदान दाताओं को स्मार्ट वॉच वितरण कर और महोत्सव में आवभगत कर एक सराहनीय प्रेरणादाई पहल किए जिसकी सर्वस्त्र मुक्त कंठ सराहना की जा रही है। इस अवसर पर भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के भव्यता के साक्षी बनने सीनियर सिटीजन राधेलाल लोढ़ा, सोनराज गोलछा, लक्ष्मी जैन, सीताबाई, गुलाबचंद, रायसोनी, भागचंद बेगानी, सुरेश बैद, चंचल रायसोनी, सुशीला जैन, आसकरण जैन, भोमराज कोचर, गोवर्धन कोचर, गोदावरी चौरड़िया सहित दुर्ग, रायपुर, सेमरा, भखारा, पचपेड़ी, मर्रा, कुरूद, जामगांव आर, बटरेल, ओदरागहन, सुरपा, रानीतराई, मामाभांचा, भेलवाकुदा, बोरझरा, सेलूद, उतई, बेलहारी, पंदर, खोरपा, तरगोंदी, निपानी, गातापार, नवागांव, गोंडपेंडरी आदि जैन श्री संघों के सदस्य उपस्थित थे। संचालन आसकरण गोलछा, आभार प्रमोद चौरड़िया ने किया।

## विश्व शांति के लिए जामगांव आर में हुआ नवकार महामंत्र सामूहिक जाप



**जामगांव आर।** विश्व नवकार महामंत्र बुधवार को जैन श्री संघ जामगांव आर द्वारा भगवान मल्लीनाथ मंदिर दरबार में महामंत्र नवकार का सामूहिक जाप आयोजित किया गया। सुशीला, रेखा, प्रज्ञा, बैद ने सामयिक विधि में आसन ग्रहण कर जाप किए। इसके पूर्व प्रतिदिन की पूजा विधि विधान मंदिर में जैन श्री संघ ने पूर्ण कर ली थीं। नवकार महामंत्र 8 बजे प्रारंभ करने के पहले श्री संघ ने उव्वसंगग़हरम पाठ पूर्ण कर महामंत्र का जाप प्रारंभ किए और जाप पूर्ण होने के बाद मेरे झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे वीर आयेंगे स्तवन के साथ जयकारा करते हुए आयोजन का अतीत अंकन किया गया। लक्ष्मी, रेखा, आशीष, बैद, सुरेश, सुशीला जैन, प्रेमचंद, सुनीता, अभिषेक चौरड़िया, शीतल जैन, प्रज्ञा बैद, आसकरण, निर्मला गोलछा आदि ने नवकार महामंत्र जाप कर विश्व शांति का मंगल भावना प्रगट किए।

■ नवकार महामंत्र लोक परलोक साधक अदभुत महामंत्र है

किसी भी जाति, धर्म के साधक साधना के क्रम में अरिहंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय साधु में किसी भी में अपने आप को साध लिया हो तो उन्हें पूरे लोक परलोक में नमस्कार प्रणाम करने का यह महामंत्र है। उल्लेखनीय है कि साधक भी जब इस मंत्र का उच्चारण करते हैं तो स्वयं के द्वारा स्वयं को नमन भी हो जाता है। यह अदभुत मंत्र है।

# सुशासन तिहार में पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुम्हारी

राज्य शासन द्वारा चलाये जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत कुम्हारी नगर पालिका परिषद में नगरवासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित होगा जिसमें नगरवासी अपनी समस्याओं या मांगों को ऑफलाइन या ऑनलाइन माध्यमों से पालिका प्रशासन द्वारा किए गए व्यवस्था अनुसार सूचित कर सकते हैं। बता दें कि विगत 8 अप्रैल से 10 अप्रैल के मध्य बीते तीन दिनों में कुम्हारी पालिका में 322 मांगों के अलावा 40 शिकायतें नगरवासियों द्वारा किये गए जिनमें सबसे ज्यादा जमीन के पट्टे के लिए आवेदन मिले हैं। वहीं आवास योजना, महतारी वंदन योजना में नाम जुड़वाने के लिए भी आवेदन किये गए हैं वहीं बड़ी संख्या में प्रत्येक वार्डों के वार्डवासियों ने पानी, नाली की सफाई, सड़कों पर पड़े निर्माण सामग्रियों को हटवाने एवं शौचालय निर्माण, सड़क निर्माण सहित प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए भी शिकायतें भी की है। शिविर के तीसरे दिन गुरुवार को एडीएम अरविंद कुमार एक्का एवं अनुविभागीय अधिकारी महेश सिंह राजपूत ने पालिका परिसर पहुंचकर शिविर का जायजा लिया और अधिकारियों कर्मचारियों को कार्यों में तेजी लाने एवं नगर वासियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

■ एडीएम और एसडीएम ने कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



### तीन चरणों में चलेगा सुशासन तिहार

सुशासन तिहार समाधान शिविर तीन चरणों में आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें वार्डवासियों से 8 से 11 अप्रैल तक मांग एवं शिकायतें पत्र लिए जाएंगे वहीं दूसरे चरण में लगभग एक माह आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरा चरण समाधान शिविरों का होगा, जिसकी अवधि 5 से 31 मई 2025 निर्धारित की गई है। यहां यह कहना भी गलत नही होगा कि शिविर के तीन दिनों में मांग और शिकायतों को लेकर महज 362 आवेदन ही प्राप्त हुए हैं इससे क्या अंदाज लगाया जाए कि पालिका क्षेत्र में समस्याएं नही के बराबर हैं या लोगों तक इसकी जानकारी ही पहुंच नही पाई है। बहरहाल शिविर को महज एक दिन ही रह गया है इसके बाद ही समझ आएगा।

### भाजपा स्थापना दिवस पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन का हुआ आयोजन



**दुर्ग।** सक्रिय सदस्य सम्मेलन दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोलिहापुरी में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश कौशिक, प्रीतपाल बेलचंदन, लिलेश्वर देशमुख, हेमन्त सिन्हा, अनुपात साहू, राजू जंघेल, शीतल ठाकुर मंडल अध्यक्ष, आशीष निमचे, गायत्री वर्मा, दिनेश देवांगन, मनोज साहू, दिलीप साहू, विनोद अरोरा, माया बेलचंदन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने कहा कि 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस पर भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन का कार्यक्रम में जनपद जिला पंचायत के पदाधिकारी रहे। विश्व की सबसे बड़ी भाजपा पार्टी बनकर उभरी है। अटल बिहारी वाजपेई ने कहा था अंधेरा छटेगा कमल खिलेगा उस समय सन 1982 में पहली बार 2 सांसद चुन कर आए थे तो कांग्रेस ने हंसी उड़ाई थी कहा था हम दो और हमारे दो सन 2019 में 303 सांसद चुन कर आए, सन 2024 में 240 सांसद हैं विश्व की सबसे बड़ी भाजपा पार्टी है। इस अवसर पर भाजपा के सैकड़ों जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पाटन में चलाया स्वच्छता अभियान



**पाटन।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के तहत प्रदेश भाजपा, जिला भाजपा संगठन के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के विश्वव्यापी कार्यक्रम 'स्थापना दिवस पखवाड़ा' के अंतर्गत 'स्वच्छता अभियान' के तहत गुरुवार को पाटन मंडल द्वारा वार्ड 3 के ओग्गर तालाब, सिदेश्वर महादेव शिव मंदिर प्रांगण, चबूतरा आदि आसपास की साफ-सफाई की गई। जिसमें पाटन मंडल के अध्यक्ष रानी बंछोर, नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, नपं उपाध्यक्ष निशा सोनी, केवल देवांगन, केशव बंछोर, योगेश सोनी, अमित लोधी, किरण बंछोर, लालचंद चक्रधारी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पारधी जनजाति ने कुल देवी-देवताओं की लोक अनुष्ठान के रूप में की पूजा-अर्चना

# अनोखा लोक अनुष्ठान है पारधियों का देव जोहारनु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा





भारत की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत में देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की विविध विधियां एवं परंपराएं प्रचलित हैं। इसका अनोखा रूप छत्तीसगढ़ में भी लोक देवी-देवताओं की पूजा लोक रीति, लोक अनुष्ठानिक रूप से पूर्ण करने की परंपरा है। विशेष रूप से पारधी जनजाति में अपने कुल देवी-देवताओं देवी पारधन, देवी अल्ला, कंकाली, भरकर देव, बूढ़ी दादी, देवी सिकोतर, देवी डिहारीन को समय-समय पर पूजा-अर्चना लोक अनुष्ठान के रूप में करते हैं। वे अपने परिजनों के साथ जब देवी-देवताओं द्वारा सपने में स्मरण कराया जाता है या जिसको वे देवताओं द्वारा सतया जाना कहते हैं। तब जंवारा या देव जोहारनु और घर में किसी का देहांत हो जाने पर देव-उजली का लोक अनुष्ठान करते हैं। यह बेहद अनुष्ठानिक और परिवार को अनुशासित, संगठित, अपने परजा-पुरखों को सदैव स्मरण करने वाला होता है। देव जोहारनु में वरिष्ठ पंडा 75 वर्षीय गेंद लाल पारधी अपने समुदाय के युवाओं का निरंतन मार्गदर्शन कर रहे हैं। लोक संस्कृति कर्मी और जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने ग्राम चिरपोटी विकास खंड पाटन जिला दुर्ग के में निवासरत पारधी जनजाति के पुवांर गोत्र के देव जोहारनु का अवलोकन कर बताया कि वे अपने 7 से 5 पीढ़ी पहले द्वारा रखी गई चांदी की देवी-देवताओं सहित दिवंगत जनों के लिए बनाए गए गढ़ा देवता को घर से बाहर नई झोपड़ी बना कर जोहारनु लोक अनुष्ठान तीन दिनों का करते हैं, जिसमें वे पुरुखों के चलन के अनुसार देव पूजन पूर्ण करते हैं। इसे वे बड़े पुंजई भी कहते हैं। इसमें अनोखी बात यह भी रहती है कि वे उबलते तेल से रोटला, गुलगुला, ठेठरी, सोंहारी,रोंठ आदि को अपने हाथों से निकाल लेते हैं और देवी पंडा अपने लंबे-लंबे बाल को उबलते तेल में डूबा कर चारों ओर से छिड़कते ते हैं। जिसके तन पर यह गर्म तेल लगता है। वे देवी का आशीर्वाद मांगते हैं और उन्हें इससे कोई नुकसान नहीं होता। देवी पंडा नुकीले कीलोंयुक्त झूले में बैठ कर, खड़े होकर झूलना और देवी कंकाली, दुर्गा का रुप धारण कर जस गीत के साथ झूमना बेहद रोमांचकारी रहता है। इस मौके पर पारधी समुदाय के लोग अपने सभी गोत्राजों, परिजनों , बेटियों, समाधीजनों को एक जगह आमंत्रित कर जोहारनु उत्सव करते हैं। इसमें सभी देवताओं को की पूजा-अर्चना कर उन्हें धन्यवाद देकर भविष्य में बाल बच्चों की सुरक्षा, सुख-समृद्धि की कामना अनुष्ठानिक रूप से करते हैं। जोहारनु लोक अनुष्ठान को पारधीजन किसी परिजन के दिवंगत होने पर ही करते हैं जबकि जंवारा देवी-देवताओं की सताए जाने पर उन्हें प्रसन्न करने के स्वरुप आयोजित करते हैं।

## अंचल की खबरें

### स्वास्थ्य विभाग लू से बचाने कर रहा जागरुक



**सेलूद।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के आदेशानुसार तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुवनेश्वर कठौतिया तथा सेक्टर प्रभारी वंदना शर्मा के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर फेकारी के आश्रित ग्राम परसाही में मनरेगा कर्मियों के लिए गर्मी में लू और अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, मितानिन, रोजगार सहायक तथा मनरेगा मजदूर उपस्थित थे। आयुष्मान आरोग्य मंदिर फेकारी के आरएचओ बसंत साहू ने उपस्थित लोगों को जानकारी दिया कि गर्मी के मौसम में तापमान के लगातार बढ़ने से हमारे शरीर को काफी नुकसान पहुंचता है तथा लू, जलजनित रोग पीलिया, उल्टी-दस्त आदि होने की संभावना बढ़ जाती है इसलिए हमें गर्मी में स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी रखने की आवश्यकता होती है। उन्होंने लोगो को लू से बचने के उपाय भी बताए। आरएचओ मधु साहू ने लू के लक्षण के बारे में जानकारी दिया तेज बुखार के साथ मुंह का सुखना व सिर दर्द होना, अधिक प्यास लगना एवं पेशाब कम आना व जलन होना, पसीना नहीं आना और भूख कम लगना ये लू के लक्षण है। जागरूकता कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से आरएचओ बसंत साहू, मितानीन देवला ठाकुर, सरिता साहू, रोजगार सहायक हरीश साहू तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

### भक्त माता कर्मा जयंती व सम्मान समारोह



**भिलाई।** भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती समारोह तहसील स्तरीय विशाल कर्मा जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम ग्राम धौराभाठा के परिक्षेत्र ग्राम दारगांव में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण साव उपमुख्यमंत्री, अतिविशिष्ट विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री, जागेश्वर साहू पूर्व मंत्री, दीपेश साहू विधायक, स्वेता अग्रवाल अध्यक्ष नगर पंचायत धमधा, अध्यक्षता नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग ने किया। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने भक्त माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। समाज के द्वारा शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। लोक कला धरोहर का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए व सांसद विजय बघेल ने समाज प्रमुखों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भक्त माता के जीवनी की कैसे शुरुआत हुई माता ने हम सभी को शक्ति दी ग्राम ईकाई से गांव से जिला स्तरीय प्रदेश से राष्ट्रीय स्तरीय साहू समाज से मुझे हमेशा आप सभी का स्नेह प्रेम मिला। इसी का प्रतीफल है कि लोकसभा में सांसद के रूप में जाने का अवसर आप सभी के आशीर्वाद से मुझे मिला। इस अवसर पर भीखम साहू, लखन लाल साहू, प्रमोद साहू, राजेश साहू, ऊषा साहू, प्रशांत अग्रवाल, प्रिती देवांगन जनपद सदस्य, ढाल सिंग साहू सहित साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### रोज़गार मूलक बनाने प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन



**धमधा।** ग्राम पंचायत डंगनिया विकास खण्ड धमधा के अंतर्गत एक बड़ा काम किया जा रहा है जो गाँव के सरपंच सुन्दर लाल साहू अपने व्यक्तिगत पांच लाख रुपये खर्च कर कौशल विकास प्रशिक्षण सरपंच एकेडमी केन्द्र का शुभारंभ महावीर पटेल बीआरसी एवं बेनी राम वर्मा सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा संपन्न हुआ। बीआरसी महावीर ने कहा कि लोगों को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, ब्युटी पार्लर, जीम, धारा प्रवाह, अंग्रेजी बोलना, धारा प्रवाह, संस्कृत बोलना, कंप्युटर सीखना रोजगार मूलक बनेगा। बेनी राम ने कहा कि इस प्रशिक्षण से आत्म निर्भरता आएगा स्वरोजगार दिखाई देगा। गांव के बच्चे सभी शिक्षित हो, सभी को रोजगार मिले, अपने पैरों पर खड़ा हो, समाज के मुख्य धारा से जुड़े अपने आप को किसी क्षेत्र में कम ना पाए। यह तभी संभव है जब शिक्षा दीक्षा अच्छा मिले, आधुनिकीकरण की ओर आगे बढ़े, गांव में इन्हें वह समुचित साधन मिले जो शहरों में रहते हैं। कार्यक्रम में कुरेशी, जितेन्द्र साहू, जगदीश साहू, अलख राम, भैय्या राम, चोवा राम, पंच सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अंत में सरपंच सुन्दर लाल साहू ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किए। वहीं गांव के लोगों में धर्म और अध्यात्म मार्ग संस्कार मिले गांव चौपाल के माध्यम से रोजाना गांव में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन की शुरुआत की गई। गांव के लोग महिला-पुरुष, युवक-युवतियां बहुत उत्साहित दिखाई दिए। एक सरपंच द्वारा समाज सुधार समाज विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण कार्य किया गया। ऐसा सोच अगर हर सरपंच का हो जाए तो निश्चय ही ग्राम सुराज आ जाएगा।

### छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज की हुई बैठक



**पाटन।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज का दो दिवसीय महाधिवेशन रायपुर में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 79 वे दो दिवसीय महाधिवेशन की तैयारी के संबंध में पाटन राज के सभी राज कार्यकारिणी सदस्य और क्षेत्र प्रधान के साथ कुर्मी भवन पाटन में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में राज प्रधान युगल किशोर आडिल ने बताया कि रायपुर के इंडोर स्टेडियम में महाधिवेशन की तैयारी जोरो से चल रहा है। आडिल ने महाधिवेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाधिवेशन हमारे समाज के लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है जिससे समाज में कई नए नियम बनाए जाते हैं और पुराने नियमों में संशोधन भी किया जाता है। राजप्रधान आडिल ने बताया कि इस महाधिवेशन में अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, सांसद विजय बघेल जैसे गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति हमारे समाज के लिए गर्व की बात होगी। महाधिवेशन 13 एवं 14 अप्रैल को रायपुर की इंडोर स्टेडियम में होगा। इस महाधिवेशन में आदर्श सामूहिक विवाह भी संपन्न होना है जिसमें लगभग 11 जोड़ों का विवाह संपन्न होगा। इन सभी की तैयारी में समाज के पदाधिकारी और स्वजातीय जुटे हुए हैं। बैठक में राजमंत्री केदार कश्यप, युवाध्यक्ष राकेश आडिल, बालिका समूह काजल वर्मा, क्षेत्र प्रधान महेश वर्मा, रामनाथ बंछोर सेमरी, राजेश वर्मा खोपली, चंद्रहास बेलौदी आदि उपस्थित थे।

# अदम्य साहस और सेवा की अनूठी मिसाल है बीएसपी का जंबो दमकल बेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विश्व अग्निशमन सेवा दिवस

भिलाई इस्पात संयंत्र की जंबो फायर ब्रिगेड सेवा तत्परता, साहस और संकट मोचन की अनूठी मिसाल है। मध्य भारत का यह सबसे बड़ा और अत्याधुनिक अग्निशमन सेवा केन्द्र वर्षों से न सिर्फ बीएसपी की अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम बल्कि अंचल में भी आगजनी की घटनाओं को नियंत्रित करने में महती भूमिका निभा रहा है। पिछले पचास साल के दौरान सैकड़ों अग्नि हादसों के साथ कई लोगों की जान की रक्षा करने में कामयाबी मिली है। एक फायरफाइटर केवल आग बुझाने तक सीमित नहीं होता। उन्हें अपनी जान की परवाह किए बिना, हर तरह की आपातकालीन स्थिति में अपनी क्षमता और सूझबूझ का प्रदर्शन करना होता है। बीएसपी की फायर ब्रिगेड की टीम भी इसी प्रकार के साहसिक कार्यों में निपुण है। यह फायर ब्रिगेड पूरे भारत में अपनी बहादुरी, कुशलता के लिए जानी जाता है। मेगा दमकल विभाग की कार्यप्रणाली सुनियोजित और चार मुख्य विंग्स में विभाजित है। ट्रेनिंग, प्रिवेंशन, मेंटेनेंस और ऑपरेशन विंग्स। ट्रेनिंग विंग युवाओं को केवल उपकरणों के प्रयोग का अभ्यास नहीं कराता, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बना कर इस कठिन सेवा के लिए उन्हें तैयार करता है। यह प्रशिक्षण संयंत्र के बाहर भी संचारित किया जाता है, जिनमें स्कूल, अस्पताल, पुलिस विभाग और अन्य सामुदायिक संस्थान तक शामिल हैं। प्रिवेंशन विंग का कार्य संयंत्र के भीतर संभावित अग्नि-जोखिम वाले क्षेत्रों की समय रहते पहचान करना और वहां उचित अग्निशमन उपाय सुनिश्चित करना है। विशेष रूप से तेल के सेलर, क्रेन, गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप जैसी जगहें, जो अग्नि के प्रति अधिक संवेदनशील और जोखिमपूर्ण इलाके हैं, जहाँ आग लगने का खतरा अधिक रहता है। संयंत्र में लगे 16,200 से अधिक फायर एक्सटिंग्विशर्स का हर चार माह में परीक्षण किया जाता है।

## बीएसपी सहित जिले में भी अग्नि दुर्घटनाओं की हो रही रोकथाम, 50 साल का कामयाबी भरा सफर

### कई बड़े अग्नि हादसे टाले

दमकल बेड़े की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाता है ऑपरेशन विंग, जिसके कंधों पर अग्निकांड से लेकर रेस्क्यू, गैस ब्लैंकिंग से लेकर डिब्लैंकिंग, वीआईपी ड्यूटी से लेकर मॉक ड्रिल तक की समस्त ज़िम्मेदारियाँ होती हैं। फायर कॉल मिलते ही मात्र 30 सेकंड में घटनास्थल की ओर तत्परता से रवाना हो जाता है। रायपुर के गुढ़ियारी स्थित ट्रांसफॉर्मर यार्ड में घटी आग की वह बड़ी घटना है, जहां संयंत्र से बाहर निकलकर इस फायर ब्रिगेड ने आठ घंटे तक निरंतर कार्य करते बड़ी हादसे को टाल दिया। दमकल विभाग बेड़े ने प्लांट के अंदर हुए कई बड़े हादसों सहित सालभर पूर्व हुडको श्रमिक बस्ती और कैंप एक फलमंडी में लगी भीषण आग को बुझाने में अहम भूमिका निभाई।




### जिले के पैरावटों का है सुरक्षाकवच

बीएसपी का दमकल बेड़ा जिले के ग्राम्यांचल के पैरावटों में लगने वाली भंयकर आग का भी सुरक्षा कवच बना हुआ है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक हर साल गांवों के खलिहानों के पैरावटों में आग लगने की करीबन ढाई सौ गटनाएं होती हैं। आग बुझाने के लिए जिला प्रशासन बीएसपी के फायर ब्रिगेट वाहनों पर निर्भर है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक पैरावट को आग से बचाने जागरुकता की जरूरत है। इस समय, जब औद्योगिक सुरक्षा की परिकल्पनाएं बदल रही हैं और संकट प्रबंधन को केवल उपकरणों की दृष्टि से नहीं, बल्कि समग्र रणनीति के रूप में देखा जा रहा है, तब बीएसपी की फायर ब्रिगेड एक ऐसा मॉडल प्रस्तुत करती है, जिसकी पुनरावृत्ति देश के अन्य औद्योगिक संस्थानों में की जानी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार में भिलाई क्षेत्र के 10 जगहों में शिविर

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन तिहार 2025 चलाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। नगर निगम भिलाई के 10 जगहों पर सुशासन शिविर सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक लगाए जायेगे। मुख्य मुख्य कार्यालय सुपेला में हेल्प डेस्क के पास इसके साथ ही जोन-01 नेहरू नगर पानी टंकी एवं वार्ड क्रं. 18 हरा मैदान कांट्रेक्टर कालोनी, जोन-02 वैशालीनगर पानी टंकी एवं वार्ड क्रं. 24 हाउसिंग बोर्ड सूर्यकुण्ड तालाब के पास, जोन-03 मदर टेरेसा नगर पानी टंकी एवं वार्ड क्रं. 33 संतोषी पारा बैकुण्ठधाम एस.एल.आर.एम. सेंटर के पास, जोन-04 शिवाजी नगर खुर्सीपार पानी टंकी एवं वार्ड क्रं. 40 सामुदायिक भवन, जोन-05 सेक्टर 06 । सुशासन तिहार का उददेश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्व निराकरण किया जाना है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन करना एवं विकास कार्यो को गति प्रदान करना है, सुशासन तिहार तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक नागरिको की समस्या से संबंधित आवेदन लिया जाएगा। दुसरे चरण में 1 माह के भीतर दिये गये समस्याओं का निराकरण किया जाएगा एवं तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किए है। कि सुशासन तिहार पर सभी जोन कार्यालय में नागरिको से आवेदन लिया जाना है। नागरिक अपना आवेदन कार्यालयीन दिवस पर सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक जमा कर सकते है। आवेदन आनलाईन भी कर सकते है। प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा।

### ट्रैफिक से दुर्घटना का अंदेशा

**भिलाई।** नेहरू नगर, स्मृति नगर चौक पर बढ़ते ट्रैफिक की समस्या के कारण जाम के हालात के साथ दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। सुबह और शाम को चौक के दोनों तरफ दूर तक ट्रैफिक बढ़ जाता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस व्यस्ततम मार्ग पर नेहरू नगर, स्मृति नगर, जुनवानी और कोहका के सैकड़ों वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। खासकर ड्यूटी और स्कूल, कॉलेज के समय ट्रैफिक की समस्या अधिक होती है। इस दौरान दोपहिया वाहन आपस में टकराने के आसार बने रहते हैं, इससे विवाद की स्थिति उत्पन्न होते रहती है।

## टाउनशिप के धीरे-धीरे बंद हो रहे हिंदी-अंग्रेजी स्कूल

# इतिहास बनते जा रहे एजुकेशन हब की बुनियाद रखने वाले बीएसपी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर में एजूकेशन हब की बुनियाद के रुप में जाने जाने वाले टाउनशिप के बीएसपी स्कूल धीरे धीरे अब इतिहास बनते जा रहे हैं। एक एक कर स्कूल बंद हो रहे हैं। इसका खामियाजा बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों को बाहर महंगी शिक्षा के रुप में भुगतना पड़ रहा है। पिछले दो दशकों के दौरान 80 से अधिक बीएसपी हिंदी और इंग्लिश मीडियम स्कूलों को बंद किया जा चुका है।

सेल का फौलाद पर फोकस और निजी स्कूलों की दोहरी मार टाउनशिप के बीएसपी स्कूलों पर भारी पड़ रही है। एक ओर तो शहर में निजी और पब्लिक स्कूल बढ़ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ बीएसपी द्वारा संचालित स्कूल बंद होते जा रहे हैं। इसके चलते बीएसपी कर्मियों और टाउनशिप में रहने वाले गैर बीएसपी कर्मियों के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों का रुख करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हर साल एक दो स्कूलों को वाइंडअप किया जा रहा है। पिछले सत्र में हिंदी मीडियम मिडिल स्कूल को बंद कर दिया गया। इसके पूर्व सेक्टर 8 स्कूल को बंद किया गया था। पिछले दो दशकों के दौरान 80 हिंदी और अंग्रेजी मीडियम प्रायमरी, मिडिल और हाई स्कूल बंद हो चुके हैं। वर्तमान में मात्र 11 स्कूल ही संचालित हो रहे हैं। गौरतलब हो कि साठ के दशक में बीएसपी की स्थापना व टाउनशिप के विकास के साथ ही कर्मियों को बच्चों के लिए भिलाई महिला समाज द्वारा स्कूलों के संचालन की शुरुआत हुई। बीएसपी के शिक्षा विभाग द्वारा 90 के दशक तक 109 हिंदी व इंगलिश मीडियम स्कूलों की संचालन किया जा रहा था। पालकों व बच्चों ने बताया कि बीएसपी स्कूल बंद होने के कारण महंगी फीस पर प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा है।

### खास बातें

- सौ स्कूलों में वर्तमान में मात्र 11 स्कूल संचालित
- बच्चे महंगे निजी स्कूलों में जाने मजबूर
- महंगी फीस पर प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा

### पिछले बीस साल में 80 स्कूल वाइंडअप



### दोहरी मार पड़ रही

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों से सेल की बदली हुई पालिसी और फौलाद निर्माण पर ही फोकस करने की नीति के चलते शिक्षा और चिकित्सा आदि सेवाओं से धीरे धीरे हाथ खींचा जा रहा है। फिर इस बीच शहर में पचासों प्राईवेट स्कूल खुल गए हैं। स्कूल महंगे हैं। इसके चलते टाउनशिप के बीएसपी स्कूलों को बंद किया जा रहा है। बंद स्कूलों के बच्चों को दूसरे बीएसपी स्कूल में स्थानांतरित किया जा रहा है। पहले बीएसपी स्कूलों में शिक्षा भी गुणवत्तायुक्त थी और फीस भी नगण्य थी। बीएसपी स्कूलों की गुणवत्तायुक्त शिक्षा और विभाग की सक्रियता के चलते बीएसपी स्कूलों से पढ़कर निकले सैकड़ों बच्चे देश दुनिया में शहर का नाम रौशन कर रहे हैं। स्कूलों को भिलाई को एजूकेशन हब बनाने में अहम योगदान रहा है।

### हर सेक्टर में बंद हो रहे स्कूल

अब तक 83 बीएसपी स्कूल बंद किए जा चुके हैं। इनमें सेक्टर 1 हिंदी मीडियम हाई स्कूल, से. 2 हायर सेकंडरी गर्ल्स स्कूल, एनसीईआरटी स्कूल, से. 3 स्कूल,से. 4 अंग्रेजी व हिंदी मीडियम स्कूल, से. 5 हायर सेकंडरी गर्ल्स व मिडिल स्कूल, से. 6 हिंदी हायर सेकंडरी पानी टंकी, उच्चतर स्कूल ए मार्केट, एमजीएम के सामने प्रायमरी स्कूल बंद हो चुके हैं। इसके अलावा से. 7 ईएमएमएस, हाई स्कूल, मार्केट के पास प्रायमरी स्कूल, सेक्टर 9 हिंदी हायर सेकंडरी स्कूल, से. 10 ईएमएमएस स्कूल, मड़ौदा व रिसाली सेक्टर के 4 हिंदी व अंग्रेजी स्कूल व खुर्सीपार के तीन स्कूलों सहित अधिकतर स्कूलों को बंद किया जा चुका है, वर्तमान में सिर्फ 11 बीएसपी स्कूल ही संचालित हो रहे हैं। यूनियनों ने बीएसपी स्कूलों को फिर से अपडेट किये जाने की मांग की है।

## मकान के गोदाम से मिला 40 किलो गांजा, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



पुलिस ने एक मकान के गोदाम से 40 किलो मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। पकड़े गए गांजा की कीमत लगभग 4 लाख रुपए का बताया जाता है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को अंजोरा चौकी पुलिस और एसीसीयू ने मिलकर महमरा आउटर कॉलोनी में बड़ी मात्रा में गांजा डंप किए जाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद टीम ने दबिश दी और मकान से 40 किलो गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत लगभग 4 लाख रुपए बताया जाता है।

### एक युवक गिरफ्त में

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया मकान में गोदाम बनाकर रखा था गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है जिसका नाम गोपी कुमार है। पंजाब से आकर वह तीन महीने से किराए पर रहता है। मालकिन कृष्णा देवी चौधरी और उसकी बेटी सुनीता चौधरी और बेटा आयुष मिलकर गांजा बिक्री करने की सूचना पर अंजोरा पुलिस द्वारा दबिश दी गई। आरोपित घर में गोपी कुमार जो सुनीता का प्रेमी है मिला जिससे पूछताछ में कृष्णा देवी चौधरी द्वारा उड़ीसा से गांजा लाकर खुर्सीपार में मिलकर बेचना बताया। गोपी द्वारा कृष्णा देवी और उसकी बेटी सुनीता और आयुष को लुधियाना में होना बताया है । आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस की विधिवत कार्यवाही की जा रही है। आरोपियों ने मकान में एक गोदाम बनाया है। जहां बड़ी मात्रा में गांजा डंप करके रखते थे।

### अपराध के विरोध में महिलाओं ने निकाली आक्रोश रैली



भिलाई। दुर्ग में 6 साल की बच्ची के साथ हुए अपराध के विरोध में अपराधी को फांसी देने के लिए कविता पब्लिक वेयरफेयर फाउंडेशन की महिलाओं द्वारा श्रीराम चौक से खुर्सीपार गेट तक आक्रोश रैली निकाली गई। इस रैली में कविता रंगारे, उषा देवी, परमिला मानिकपुरी, साधना शर्मा, पिंकी सिन्हा, लक्ष्मी साहू, शशिकला शर्मा सहित काफी संख्या में महिलाओं ने उपस्थित होकर न्याय की गुहार प्रशासन से की।

## से.6 आंबेडकर भवन को कब्जामुक्त कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- एससी/एसटी एसोसिएशन ने की प्रबंधन से मांग

भिलाई इस्पात संयंत्र एससी/एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने बीएसपी के लाइजन आफिसर रोहित हरित को ज्ञापन सौंपकर एसोसिएशन के सेक्टर 6 आंबेडकर भवन से एक हफ्ते के अंदर कब्जा हटाने की मांग की है। सालभर बाद भी बीएसपी प्रबंधन द्वारा कब्जा नही हटाने के कारण 14 अप्रेल को संविधान निर्माता बाबा साहेब डां. आंबडेकर की जयंती कार्यक्रम आयोजित करने में असुविधा हो रही है। कोमल प्रसाद ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि फेडरेशन और आईआर विभाग की हुई बैठक में बताया गया कि पिछली बार एसोसिएशन व आइआर विभाग के साथ हुई बैठक में समाज प्रमुखों की ओर से कहा गया था कि एसोसिएशन को पंजीयक एवं प्रबंधन से मान्यता है तो फिर प्रबंधन अवैध कब्जे को क्यों खाली नहीं करवा रहा है। सालभर बाद फिर बाबा साहेब की जयंती मनाने का समय आ गया। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी के बाजू में खाली पड़ी जमीन में डॉ. आम्बेडकर पुस्तकालय एवं संग्रहालय निर्माण करने दो जगहों का अध्ययन कर रिपोर्ट लाइजन अधिकारी को सौंप दिया गया है। लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के आश्वासन के साल भर बाद भी भूमिपूजन नही हुआ है। प्रबंधन से आंबेडकर भवन व कार्यालय से कब्जा हटाने की मांग प्रबंधन से की है। बैठक में अध्यक्ष कोमल प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, उपाध्यक्ष कुमार भारद्वाज, वेद प्रकाश सूर्यवशी, शशांक प्रसाद, महासचिव विजय कुमार, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार, जोनल सचिव संतज्ञानेश्वर गायकवाड़, कालीदास बघेल, संजय कुमार, उत्तम मंडावी, कुंज लाल ठाकुर, यशवंत नेताम, उप कोषाध्यक्ष नरेश चंद्र, एमएम राय, जितेन्द्र कुमार भारती उपस्थित थे।

### एकीकृत बाल विकास, सुपोषण चौपाल से किया जागरुक

**भिलाई।** महिला एवं बाल विकास विभाग के चल रहे पोषण पखवाड़े के तहत गुरुवार को तीसरे दिन एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई के सभी आंगनबाड़ी केंद्र में 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन मापन किया गया। उन्हें वज़न अनुसार विभिन्न श्रेणी यानी सामान्य सैम मेम में चिन्हांकित किया गया । आंगनवाड़ी केन्द्रों मे पालक बैठक आयोजित कर जीवन के सुनहरे 1 हजार दिवस पर चर्चा कर उसके महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में मिलेट्स एवं पोषण आहार विविधता की उपयोगिता बतायी गयी। कुपोषण मुक्ति जनजागरूकता बढ़ा कर पोषण के आयामों को जनांदोलन का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।सेक्टर कैंप में पोषण पखवाड़ा के तहत सुपोषण चौपाल मनाया गया । इसमें गोद भराई और अन्यप्रसन्न कराया गया और गर्भवती माता के स्वास्थ्य के बारे में और 0 से 6 वर्ष के बच्चों के उचित एवं सुरक्षित पोषण के बारे में जानकारी दी गई।



## मेरी छवि खराब करने वालों के खिलाफ अदालत जाएंगे: बिसाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- पत्रकारवार्ता में विवाद पर बोले

हमारे द्वारा किए जा रहे कार्यक्रम को अपना बताकर जबरिया विवाद किया गया। दुर्भावना से मेरी और मेरे समाज की छवि खराब करने वालों के खिलाफ अदालत की मदद लेंगे। उक्त बातें नारी शक्ति बेंथो उड़िया समाज के निरंजन बिसाई ने आज पत्रकार वार्ता में कहीं। उन्होंने बताया कि 6 अप्रेल को श्री माँ सिन्धू पटरानी पूजा महोत्सव का आयोजन जवाहर नगर में हमारे द्वारा किया गया था, लेकिन कुछ लोगों ने जबरन इसे अपना कार्यक्रम बताकर अपनी समिति के नाम के फलेक्स को हमारे टेंट मे लगाने लगे। विरोध करने पर जुदिस्टि बिसाई उर्फ़ राजू बिसाई और उसके बच्चे के साथ सीमाद्री बिसाई, निरंजन दलाई, जगबंधु साहू,निरंजन साहू ने मारपीट किया । मामले में महिलाओं द्वारा द्वारा वैशाली नगर थाने में एफआईआर कराया गया। इन लोगों के द्वारा हमारे नारी शक्ति द्वारा आयोजित कार्यक्रम को अपना बताकर भ्रम फैलाया जा रहा है।

निरंजन बिसाई ने बताया कि जब से मुझे विधायक प्रतिनिधि बनाने के बाद से इस कार्यक्रम में विवाद कर मुझे और मेरी राजनीति को खराब करने के लिए कोशिश कर रहे थे। निरंजन बिसाई ने बताया कि एम राजेश्वरी के मकान को मेरे दवारा कब्ज़ा करना बताया जा रहा है जबकि उसके दवारा पैसा लेकर उक्त मकान को अनुबंध कर नोटरी करवाया गया हैं और मुझे सौपा गया है, और वह लोग राउरकेला अपने गांव चले गए थे, अब आकर वह फिर उस मकान पर अपना दावा कर रहे हैं,जबकि उस मकान के बदले 14 लाख रूपये लेन देन किया गया हैं,उस महिला और उनके दोनों बेटों द्वारा मुझे झूठे मामले मे फसाने और बदनाम करने की कोशिश लगातार की जा रही है । मकान कब्ज़ा का आरोप भी झूठा हैं । मैं भी उसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाऊंगा।

## ठेका मजदूरों का नौ रुपए रोजाना वृद्धि

**भिलाई।** एक अप्रेल से राज्य सरकार द्वारा नई वेतन दर लागू कर दी गई है। नई दर के अनुसार मजदूरों के वेतन में रोजाना नौ रुपए यानी 270 रुपए मासिक वृद्धि की गई है। इसके तहत भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने भी सभी नियोक्ताओं परिपत्र जारी कर अपने सभी श्रमिकों को नई प्रभावी दैनिक मजदूरी भुगतान के करने कहा है। ठेका श्रमिक यूनियन प्रबंधन इस सर्कुलर को सख्ती से लागू करने की मांग की है। हिंदुस्तान इस्पात ठेका श्रमिक यूनियन ( हिट्सू) के महासचिव योगेश सोनी ने बताया कि न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत श्रमायुक्त एवं सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से वर्ष मे 2 बार जारी किया जाता है। !इसी संदर्भ में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने नई प्रभावी दैनिक मजदूरी पर 2 अप्रेल को परिपत्र जारी कर तमाम ठेकेदार और सभी प्रमुख नियोक्ता और ठेका प्रचालन अधिकारी को परिपत्र वितरण कर सूचित किया गया है। श्रमिकों के लिए नई वेतन दर 1 अप्रेल से प्रभावी है ।

- हिंदुस्तान इस्पात ठेका श्रमिक यूनियन ने कहा सर्कुलर के अनुसार मिले वेतन

### कटौती के बाद इतना मिलेगा वेतन

यूनियन ने श्रमिकों को 1 अप्रेल से राज्य सरकार की न्यूनतम तय दैनिक मजदूरी के साथ बीएसपी द्वारा दी जा रही एडब्ल्यूए (एडिशनल वेलफेयर एलाउन्स।) की राशि की गणना और पीएफ ईएसआई की कटौती के बाद सभी श्रेणी के श्रमिकों को मिलने वाले वास्तविक वेतन की जानकारी दी है। सभी कटौती के बाद ठेका श्रमिकों के खाते मे माह मे 26 हाजरी ड्यूटी करने पर इस प्रकार वेतन राशि मिलेगी। अर्धकुशल को 13426 रूपये प्रतिमाह, अर्धकुशल ( एसएसडब्ल्यू)- 13993 रु.,कुशल मजदूर को 14674, अतिकुशल -15354 रु. वेतन मिलेगा। इसके अलावा 14 तारीख को आंबेडकर जयंती होने के कारण बीएसपी प्रबंधन ने बंद छुट्टी पर परिपत्र जारी किया है ।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का करेंगे चयन

# अंडर-20 पुरूष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ (सीएफए) के सहयोग से नारायणपुर स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम में 27 मई तक आश्रम के खेल परिसर में स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरूष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप शुरु हो गई है। प्रथम चरण में खेलने वाले 7 टीमों (आन्ध्र प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, दादरा नगर हवेली, चंडीगढ़, तेलंगाना और पांडिचेरी के सहभागिकता वाली इस चैम्पियनशिप का शुभारम्भ बीएसपी के मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने किया। अध्यक्षता बेलुड़ मठ के स्वामी पूर्णानन्द ने किया। विशिष्ट अतिथि भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष त्रिपर्णा दासगुप्ता, सीजीएम अरुण कुमार, जीएम अनुपम बिष्ट, डीजीएम सहीराम जाखड़, वरिष्ठ प्रबंधक व मनीष शुक्ला सहित भिलाई इस्पात संयंत्र, दल्ली राजहरा, रावघाट खदान समूह के अधिकारी उपस्थित थे। छग फुटबॉल एसोसिएशन के सहायक महासचिव मोहनलाल, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अशोक उसेण्डी व सचिव अजित मेनन भी मौजूद थे।



### तैलंगाना व उत्तराखंड का मैच ड्रा

पहला मैच तेलंगाना और उत्तराखंड के बीच हुआ उद्घाटन मैच बराबर रहा। दूसरा मुकाबला चंडीगढ़ और पांडिचेरी के बीच खेला गया।इस प्रतियोगिता के माध्यम से भारत के अंडर-23 टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से नियुक्त अधिकारीगण उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन करेंगे। समारोह में अभा फुटबॉल महासंघ से विनोद, दिनेश नायर, संदीप नन्द आदि उपस्थित थे। चैंपियनशिप में कुल 28 राज्य व 7 केंद्रशासित प्रदेशों सहित एसएआई साईं की कुल 36 टीम भाग लें रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)

राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129




णमोकार का मंत्र के लगाये जयकारे

## लाइव इवेंट

## वैदिक हवन में दी आहूति, चंदन तिलक लगाकर किया छात्रों का स्वागत



**भिलाई।** महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय सेक्टर 6 में नए शिक्षा सत्र का प्रारंभ वैदिक हवन से हुआ। आचार्य अंकित शास्त्री द्वारा हवन संपन्न कराया गया। हवन के बाद शिक्षा समिति के प्रधान अवनी भूषण पुरंग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैदिक भारतीय संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है। वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ हमारी संस्कृति और संस्कार अत्यंत आवश्यक है। हमें अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर के साथ-साथ राम और कृष्ण भी बनाना है। विद्यालय की प्राचार्य शीला फंड ने सभी को हिंदू नववर्ष और हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सबको भारतीय संस्कृति तथा परंपरा जो हमारी संस्कृति है, उसी के साथ आगे बढ़ने का प्रण लेना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अंजू ठाकुर ने कहा कि संस्कार के बिना शिक्षा व्यर्थ है। इससे जीवन में चरित्र का निर्माण होता है। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं का स्वागत शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं सीमा कठाले, शकुंतला, केआर राजी, शुभ्रा, शशि, लीना, के वेणी, अर्चना, दिशा यादव आदि उपस्थित रहे।

■ संस्कार के बिना शिक्षा व्यर्थ, किया हवन

## भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर निकली भव्य शोभायात्रा



# महावीर की प्रतिमा का किया अभिषेक, पालकी में विराजे स्वामी को झूला झूलाते कराया भ्रमण, जियो और जीने दो का दिया संदेश

जैनधर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2624 वां जन्मकल्याणक महोत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। शोभायात्रा के दौरान अहिंसा परमो धर्म और जियो और जीने दो के जयकारे के साथ धार्मिक आस्था, सामाजिक सद्भाव का संदेश देखने को मिला। इस अवसर पर दुर्ग-भिलाई में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान महावीर का रथ शोभा यात्रा के रुप में नगर भ्रमण के लिए निकाला गया।



**भिलाई।** णमोकार का मंत्र और मानवता का संदेश लेकर यह निकाली गई शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। महावीर स्वामी के 37 इंच अष्टधातु की प्रतिमा के मंगल अभिषेक भक्तों ने किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में जैन समाज के लोगो की उपस्थिति में भगवान को बालक रूप में पालकी में बिठाकर सैकड़ो लोगों ने पालने में झूला झुलाया।



### आकर्षक पालकी यात्रा में शामिल हुए लोग

सेक्टर 6 मंदिर व दुर्ग के मंदिरों के मंदिरों से निकली शोभायात्रा में महावीर स्वामी के दिव्य घोष और महिला मंडल ड्रेस कोड में शामिल हुए। शोभायात्रा में मोक्ष कल्याणक व अष्ट धातु की प्रतिमा को लेकर शोभायात्रा निकली। इस दौरान अहिंसा और जैविक खेती को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। शोभायात्रा के बाद मंदिर के फर्श पर मुनिसंघ के मंगल प्रवचन हुए। शोभायात्रा की शुरुआत सेक्टर 6 जैन मंदिर से हुई। जो अग्रसेन भवन, सेक्टर 6 ए मार्केट से होते हुए सेक्टर 6 बी मार्केट स्थित बाकलीवाल भवन में समाप्त हुई। भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर भव्य शोभा यात्रा के साथ भक्तों ने भगवान महावीर स्वामी के मंगल अभिषेक और शांति धारा का आयोजन त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में किया गया।

### अष्टधातु प्रतिमा का हुआ मंगल अभिषेक

जैन मिलन जैन ट्रस्ट के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण महोत्सव शोभा यात्रा निकालकर मनाया गया। भगवान महावीर के 2551 वीर संवत कल्याणक महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में 1008 भगवान महावीर स्वामी के 37 इंच अष्टधातु की प्रतिमा के मंगल अभिषेक भक्तों ने किया। जहां शांति धारा प्रदीप, प्रमोद, अरुण, अक्षत, दीक्षा, साधना, सुनीता, आशा जैन बाकलीवाल परिवार एवं अष्टधातु की प्रतिमा पर शांति धारा ज्ञानचंद बाकलीवाल, निशांत जैन, भारत जैन एवं सभा स्थल पर संदेश कासलीवाल, अखिलेश जैन, वरुण जैन, जिनेंद्र जैन, सुरेंद्र, अमित जैन ने शांति धारा किया। भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक अवसर पर अभिषेक के बाद जैन भवन सेक्टर 6 में जैन ध्वज फहराया गया।

### बैंड-बाजें के साथ जैन ध्वज लहराया, लगाए जयकारे

तेज गर्मी में भी सेक्टर 6 त्रिवेणी जैन तीर्थ से महिलाओं और बच्चों द्वारा हाथ में जैन ध्वज लेकर युवाओं द्वारा णमोकार महामंत्र का जयकारा लगाते हुए बैंड-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें दो पालकी में भगवान महावीर स्वामी के अष्टधातु की प्रतिमा को जैन धर्म के सैकड़ो युवाओं ने अपने कंधों पर उठाया। जिसमें आनंद कोचर, प्रशांत जैन, महावीर टाटिया, भावेश साह, सिंपी जैन, राजेश जैन, अनुपम जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, विपिन जैन ने बारी-बारी से पालकी और जैन ध्वज लेकर पैदल भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा परमो धर्म और जियो और जीने दो कि जयकारा के साथ त्रिवेणी जैन तीर्थ से होते हुए गुरुद्वारा, सेक्टर 6 ए मार्केट से मोहनलाल बाकलीवाल भवन सेक्टर 6 बी मार्केट पहुंचे। जहां भगवान महावीर को समिति के अध्यक्ष महावीर प्रकाश निकोटिया, महासचिव प्रदीप जैन बाकलीवाल, विपिन जैन, प्रवीण छाबड़ा, संजीव कासलीवाल, संतोष जैन ने श्रीफल अर्पण कर हुए नमन किया। शाम के आयोजन के दौरान जैन समाज की बच्चियों दवरा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम में नैनिका कासलीवाल को भरतनाट्यम नृत्य और काश्वी छाबड़ा को छत्तीसगढ़ में शतरंज खेल पर उपलब्धि हासिल करने के लिए सम्मान पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।





## सिटी इवेंट

## संगीत, नृत्य और कला का विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण, वाद्य यंत्रों में भी पारंगत



**भिलाई।** दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग में विद्यार्थियों के लिए गीत-वितान कला केन्द्र द्वारा संगीत, नृत्य एवं ललित कला प्रशिक्षण का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर आरबी सिंह और छात्र कल्याण डॉ.केशब दास की उपस्थिति में गीत वितान कला केन्द्र द्वारा संगीत, नृत्य एवं वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कला की अलग-अलग विधाओं में निपुण बनाना है ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सकें। इस कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय के लगभग 90 छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीयन कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कुलपति डॉ सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों में शैक्षणिक विकास के साथ-साथ संगीत, नृत्य एवं वाद्य यंत्रों की कला में भी पारंगत बनाना है, जिससे उनमें व्यवहारिक ज्ञान के साथ रचनात्मक कला का विकास हो सकें। डॉ.संजय शाक्य ने बताया कि नशा व्यक्ति के सोचने समझने की शक्ति को नष्ट कर देता है। इसलिए नशे से मुक्ति पाना न केवल स्वयं अपितु पूरे राष्ट्र व समाज के लिए आवश्यक है। नशा मुक्ति से जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है। नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के जागरूकता अभियान, सेमिनार किए जाने चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.मुनिश भगत मेडिकल ऑफिसर सुपेला ने नशा मुक्ति विषय पर युवाओं को प्रेरित करते हुए नशे से होने वाले नुकसान से सभी को अवगत कराया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.केशब दास ने बताया कि नशा एक धीमा जहर है, जो व्यक्ति और समाज दोनों को नष्ट करता है। इससे मुक्ति पाना ही एक बेहतर, स्वस्थ और सफल जीवन की ओर पहला कदम है।

■ अलग-अलग विधाओं में निपुण बनाना किया प्रयास

## अल मदद ने आस्था में पहुंच कर बुजुर्गों के साथ बांटी खुशियां



**भिलाई।** मुस्लिम महिलाओं के गैर सरकारी संगठन अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी ने ईद बीतने के बाद सभी जरुी तैयारी कर ईद की खुशियां बांटने आस्था वृद्धाश्रम सेक्टर-2 को चुना। यहां अल मदद की सभी सदस्यों ने पहुंच कर बुजुर्गों के साथ वक्त बिताया। सभी का हालचाल पूछा और ईद सेलिब्रेशन के मौके पर सभी का शीरखुरमे के साथ मुंह मीठा करवाया। सभी बुजुर्गों ने अल मदद की सदस्यों को खूब आशीर्वाद दिया और ईद की मुबारकबाद भी दी। इस मौके पर अल मदद सोसाइटी की अध्यक्ष अंजुम अली, सचिव कौसर खान, एस.एन.शेख, शमशुन, उज्मा, लीना तज़मीन, कैसर इकबाल और नाहिदा खान की खास तौर पर भागीदारी रही।

# नेवई प्राचीन बैंकुंठधाम मंदिर में हनुमान भजन के साथ महा महोत्सव की आज से शुरूआत

**भिलाई।** नेवई बांधा तालाब स्थित प्राचीन बैकुंठधाम मंदिर में हनुमान प्रकटोत्सव व महा महोत्सव की 11 अप्रैल से शुरू हो रहा है। यह महोत्सव 12 अप्रैल तक चलेगा । इस महोत्सव की शुरूआत शाम को भजन संध्या से होगी। शाम 4.25 से शाम 7.30 बजे तक लोक गायिका विनीता ढ़ीमर व साथी द्वारा हनुमान भजन प्रस्तुत की जाएगी। प्राचीन बैकुंठधाम मंदिर विकास समिति का यह 15वां आयोजन है।

### कल सुबह 8 बजे से हनुमान प्रकटोत्सव



प्राचीन बैकुंठधाम मंदिर विकास समिति के संरक्षक व संयोजक शत्रुघन धनकर, अध्यक्ष भागवत प्रसाद बुंदेला, उपाध्यक्ष व रिसाली निगम पार्षद चंद्रप्रकाश सिंह निगम आदि ने बताया कि 12 अप्रैल की सुबह 8 बजे से हनुमान प्रकटोत्सव, पूजा, महाआरती होगी। दोपहर 12 बजे से महाभोग भंडारा चलेगा। इसी समय पर भव्य डीजे सामूहिक डांस प्रतियोगिता व मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

### शोभायात्रा में आदिवासी कला की भी झलक

हनुमान प्रकटोत्सव व महोत्सव की विशाल शोभायात्रा शाम 5 बजे मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी। जिसमें काला हांडी कटप्पा व ढुलढुली बाजा उड़ीसा के अलावा आदिवासी कला की झलक भी दिखेगी। आदिवासी लोककला दुर्ग के कलाकार होंगे। अघोरी झांकी भी देखने मिलेगी। ग्राम ढ़ौर की अघोरी झांकी पार्टी इसे प्रस्तुत करेगी। श्रीराम जानकी दशहरा परिवार महकाखुर्द, रामधुनी ग्रुप नवागढ़, श्रीकृष्ण राउत नाचा पार्टी धमतरी सहित स्थानीय डीजे व धुमाल पार्टी के साथ शोभायात्रा मरोदाए रिसालीए व सेक्टर एरिया आदि का भ्रमण करेगी।

**हजारों भक्त ग्रहण करेंगे महाभंडारा :** आयोजन समिति द्वारा हनुमान प्रकटोत्सव व महा महोत्सव पर महाभंडारा का भी आयोजन किया गया है। इस आयोजन में हर साल की तरह इस बार भी हजारों भक्त प्रसादी ग्रहण करेंगे। इसके लिए प्राचीन बैकुंठधाम विकास समिति जुटी हुई है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई के लिए 6 बच्चें चयनित, शिक्षक मोहित का प्रयास सफल

**भिलाई।** बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए कोच शिक्षक हिरवानी के प्रयास से बच्चों का नवोदय विद्यालय में पढ़ने का सपना हुआ साकार हुआ है। धमधा ब्लॉक के बोरी तहसील के अंतर्गत स्थित ग्राम बड़े पुरदा के कोच शिक्षक मोहित कुमार हिरवानी के प्रयास से इस वर्ष 6 बच्चें जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई के लिए चयनित हुए है। इन बच्चों में सुहानी पटेल, डिंपल निषाद, कोमेश साहू, नितिन चतुर्वेदी, लक्ष्मी साहू और नोकेश साहू के माता-पिता मुख्य रूप से मजदूरी करते हैं। गरीब परिवार में रहकर भी इन बच्चों ने अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जिससे गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है। कोच शिक्षक हिरवानी के निरंतर प्रयास से पिछले 5 वर्षों से बच्चें नवोदय विद्यालय में लगातार चयनित होते आ रहे हैं, जिसको देखते हुए विकासखंड शिक्षा विभाग धमधा के द्वारा नवपहल के तहत शिक्षक मोहित कुमार को अग्रदूत सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।



## ग्रामीण बच्चों ने अपनी आंखों से देखे जुपिटर और उसके चार चांद

# बच्चों ने टेलिस्कोप से देखा आसमान पर दुर्लभ नजारा, खगोलीय घटनाओं को जानने दिखा उत्साह

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** अंधविश्वास के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के अंतर्गत दुर्ग से तकरीबन 25 किलोमीटर दूर स्थित गांवों डुंडेरा और पुरई के राष्ट्रीय भारती स्कूल और नवमंगल स्कूल के बच्चों ने टेलिस्कोप से आसमान पर दुर्लभ नजारा देखा। यहां बच्चों को खगोलीय घटनाओं से अवगत कराया गया और इस बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों ने यह देखा, जाना और समझा कि किस तरह कुछ ठग व्यक्ति, अपने को पहुंचे हुए बाबा बताते हुए चमत्कार दिखाने की घोषणा करते हैं।

छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा भिलाई इकाई और भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारियों के संगठन डॉ अंबेडकर एग्जीक्यूटिव फ्रेटरनिटी के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इन कार्यक्रमों में इसके प्रदर्शन पूर्व अपर कलेक्टर और विज्ञान कार्यकर्ता विश्वास मेश्राम ने कथित चमत्कारों की पोल खोल दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि विज्ञान का मतलब किताबी ज्ञान बस नहीं होता बल्कि <\\>/”सवालों के जवाब खोजना और दिए गए जवाबों पर प्रश्न उठाना होता है।<\\>/” उन्होंने बच्चों और बड़ों से अंधविश्वास के नुकसान बताते हुए इसे छोड़ने की अपील की और किसी भी बात को पहले जानने और तब मानने की बात कही।



### मंगल ग्रह एक जीवन विहीन ग्रह

मंगल ग्रह को अपने टेलीस्कोप से दिखाते हुए विश्वास मेश्राम ने बताया कि पृथ्वी और बृहस्पति ग्रह के बीच स्थित मंगल ग्रह आकार में पृथ्वी का आधा है। इस पर भारत के अंतरिक्ष अभियान को चलाने वाले संगठन इसरो ने मार्स ऑर्बिटर मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया है। हमारे बीच व्याप्त मांगलिक वर वधु की बातें अंधविश्वास का नमूना है। मंगल ग्रह एक जीवन विहीन ग्रह है और इसके धरातल पर लौह तत्व की अधिकता के कारण यह थोड़ा लाल रंग का दिखाई देता है। उन्होंने विज्ञान सभा के 150 मिलीमीटर व्यास के न्यूटोनियन टेलिस्कोप से लोगों को एक एक कर रात 9.30 बजे तक चंद्रमा के क्रेटर्स और जुपिटर के चार गैलीलियन चंद्रमा - आयो, यूरोपा, गेनिमेड और कैलिस्टो को दिखाया और रात में दिख रहे विभिन्न तारामंडलों की पहचान कराई।

डॉ अंबेडकर एग्जीक्यूटिव फ्रेटरनिटी भिलाई के को फाउंडर और भिलाई स्टील प्लांट के पूर्व चीफ जनरल मैनेजर एल उमाकांत ने विद्यार्थियों को डॉ अंबेडकर जैसे तार्किक बनने के लिए मोटिवेट किया। उन्होंने उन्हें बताया कि किस तरह बाबासाहेब अंबेडकर सभी को अंध विश्वासों से दूर रहने कहते थे। इसीलिए उन्होंने सबको शिक्षित होने, संगठित होने और संघर्ष करने कहा। उन्होंने अपने गांव से निकल कर हैदराबाद जाकर इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने और सेल में चीफ जनरल मैनेजर जैसा ऑफिसर बनने का अनुभव बताते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ने के लिए मोटिवेट किया। बच्चों को बीएसपी के अधिकारियों में एस पी निगम, बी बाला, सुधीर रामटेके, उदय खरात, चित्रसेन कोसरे, नोहर सिंह ढीढी और प्रिंसिपल बी आर मौर्य भारती स्कूल डूंडेरा तथा दया राम साहू नव मंगल स्कूल पुरई ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक उषा ढीढी, जीवन बारले, सुनील बंजारे, केशव महिपाल, रामेश्वर प्रसाद और खोमलाल साहू की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। दयाराम साहू ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। अंत में विज्ञान सभा की ओर से चित्रसेन कोसरे ने आभार व्यक्त किया।



## सिटी इवेंट

# फिर भी चलना होगा पुस्तक का हुआ विमोचन, कविताओं का पाठ



**भिलाई।** मुक्तकंठ साहित्य समिति के तत्वावधान में बांग्ला और हिंदी दोनों भाषाओं के कवि प्रकाश चन्द्र मंडल की दो पुस्तकों में हिंदी काव्य संग्रह का विमोचन किया गया। सेक्टर 10 कॉफी हाउस में आयोजित कार्यक्रम में फिर भी चलना होगा और दूसरा बांग्ला काव्य संग्रह कखोन जे कोन कथा कविता होये जाय पुस्तक के विमोचन समारोह में बीएसपी ऑफिसर एसोसिएशन अध्यक्ष एन. के. बंछोर, मुक्तकंठ साहित्य समिति के संस्थापक गोविंद पाल, अनिल कुमार, समिति के प्रधान संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा एवं महासचिव नरेंद्र कुमार सिक्केवाल और संपादक दुलाल समाद्दार प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर की गई। सभी अतिथियों का स्वागत समिति के सदस्यों द्वारा शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिह्न और पुष्प गुच्छ देकर किया गया। जिसके बाद प्रकाश चन्द्र मंडल की दोनों पुस्तकों का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। कृतिकार ने अपनी विमोचित दोनों काव्य संग्रह से पांच-पांच कविताओं का वाचन किया । मंचस्थ अतिथियों के संबोधन में मुक्तकंठ के संपादक दुलाल कृतिकार के पुस्तक से संबंधित अपना आलेख पाठ किया। इसके बाद मुक्तकंठ के महासचिव नरेंद्र कुमार सिक्केवाल, अनिल कुमार, नरेंद्र कुमार बंछोर ने प्रकाश चन्द्र मंडल की कृतियों पर अपनी सार गर्भित समीक्षात्मक वक्तव्य रखा। कैलाश कुमार जैन बरमेचा ने सम्मान पत्र का वाचन कर कृतिकार को सम्मान पत्र भेंट किया। अंत में मुक्तकंठ साहित्य समिति के अध्यक्ष गोविंद पाल ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए पुस्तक पर समीक्षात्मक टिप्पणियां की। इस बीच गायक देवब्रत राय ने सुमधुर आवाज में एक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में रवीन्द्र नाथ देबनाथ, वासुदेव भट्टाचार्य, संजीव राय, दिनशा तुमाने, प्रदीप कोरी, अरुणा राव, शीशलता शालू, दीपा पाल, नवेद रजा दुर्गवी, प्रदीप भट्टाचार्य, साक्षी यादव, बी. एन. सरकार, समरेन्द्र विश्वास, वेद प्रकाश, ब्रजेश मल्लिक, डॉ नौशाद सिद्दिकी, पल्लव चटर्जी, खुशाल गुप्ता, सुशांत पोद्दार, हर्ष देवांगन, अलोक कुमार चन्दा, अनुभव मण्डल, सुमीता मंडल, दीपमाला सिन्हा, उज्जवल प्रसन्नो, लक्षद्वीप डहरिया, ओमवीर करण, गुरुनाथ राव, हेमंत जगम, दबू, मनोज शुक्ला, आशीष चक्रवर्ती, भारती कौर, लोकेश साहू, राशि मिश्रा, नयनिका, सुरेश सहित अन्य उपस्थित थे।

- **मुक्तकंठ साहित्य समिति के तत्वावधान मे पुस्तक विमोचन समारोह संपन्न**

## हेल्थ इवेंट

# आंखों की रोशनी होगी तेज, बच्चों को कराएं एक्सरसाइज



**भिलाई।** बच्चों के एग्जाम खतम हो जाने के बाद अब नए सत्र के लिए स्कूल खुल चुके है। पड़ रही भीषण गर्मी में समय बिताने के लिए बच्चों का अधिकांश समय मोबाईल स्क्रीन में बीतता है। जिससे आंखों पर काफी दबाव पड़ता है। अगर आपका बच्चा भी घंटो फोन देखकर वक्त बिताता है तो उसके रूटीन में कुछ एक्सरसाइज जरूर शामिल करें, इससे आंखों को आराम मिलता है और रोशनी भी सही बनी रहती है। दुनिया देखने के लिए आंखों का सही रहना जरूरी है। लेकिन आजकल कम उम्र में ही आंखों की रोशनी कम होने लगी है। दरअसल इसके पीछे का कारण खराब लाइफस्टाइल, खराब खानपान और बढ़ता स्क्रीन टाइम है। बच्चे घंटों फोन और टैब पर वक्त बिताते हैं। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी आंखों को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाती है। आगे चल कर बच्चे को चश्मा लग जाता है। अगर आप भी चाहते हैं कि आपके बच्चों की आई साइट सही बनी रहे तो अभी से ही ये 4 एक्सरसाइज उनसे जरूर करवाएं।

### आंखों को लेफ्ट-राइट घुमाएं

अपने बच्चों से आंखों को लेफ्ट- राइट घुमाने वाला एक्सरसाइज जरूर करवाएं। आंखों को घुमाने के लिए सीधे बैठना है और गर्दन को स्थिर रखना है। सिर्फ आईबॉल्स को ही घुमाना है। इससे आंखों की मूवमेंट बेहतर होती है और आई साइट में सुधार की संभावना बढ़ती है।

### पलकें झपकाना

पलकों को तेजी से झपकाने से भी आंखों को फायदा पहुंचता है। 10 सेकंड तक पलकों को तेजी से झपकाएं और फिर 20 सेकेंड के लिए आंखें बंद कर लें। रोजाना 4 से 5 बार बच्चों से इस एक्सरसाइज को करवाएं, इससे आंखों को काफी टकटकी लगाए बच्चों से टकटकी वाली एक्सरसाइज जरूर कराएं। इसे त्राटक के नाम से जाना जाता है। एक्सरसाइज को करने के लिए एक वस्तु पर फोकस करना होता है। इससे आंखों का तनाव कम होता है।

## ब्रजमंडल में हनुमान जन्मोत्सव कल

**भिलाई।** ब्रजमंडल भिलाई द्वारा हनुमान जन्मोत्सव इस वर्ष भी चैत्र पूर्णिमा के दिन शनिवार को मनाया जाएगा। हनुमान प्रकटोत्सव का भव्य आयोजन श्री बालाजी हनुमान मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर गीताभवन सेक्टर 6 में धूमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही है। हनुमान जयंती के अवर पर सुबह 8 बजे बालाजी हनुमान का विशेष महाभिषेक, चोला अर्पण आमंत्रित यजमान द्वारा किया जाएगा। शाम 5.30 बजे सामूहिक सुंदर काण्ड, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण का सस्वर संगीतमय पाठ किया जाएगा। महाआरती के बाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई है। ब्रजमंडल ने इस कार्यक्रम में समस्त श्रद्धालुओं को उपस्थित होने अपील की है।

**रूंगटा आर-1 ग्रुप के तीन दिवसीय कल्चरल टेक स्पोर्ट फेस्ट व्योम में स्टूडेंट दिखे उत्साहित**

# हर्षिता, पोसन, प्रभात राज और रिया बने स्टूडेंट ऑफ द ईयर, मिली चेयरमैन ट्रॉफी, व्योम 2025 का समापन

**भिलाई।** रूंगटा आर-1 ग्रुप में चल रहे तीन दिवसीय सांस्कृतिक, तकनीकी और खेल महोत्सव व्योम का गुरुवार को समापन हो गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव थे। उन्होंने कहा कि, देश को विकसित भारत बनाने में यंग माइंड्स का किरदार सबसे अहम रहेगा। हमारे इनोवेशन आइडिया की बदौतल हम दुनियाभर में अपनी अलग पहचान बनाएंगे। भिलाई में वो कैलीबर है कि हम दुनिया के हर कोने में अपना नाम पहुंचा सकते हैं। विधायक ने छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि, मौजूदा दौर की शिक्षा व्यवस्था (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) विद्यार्थियों को भरपूर आजादी से पढ़ने, सीखने और कुछ बनने का विकल्प देती है। ऐसे में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का खूब फायदा उठाते हुए तकनीकी छात्रों को वन इनोवेशन वन स्टार्टअप की तर्ज पर आगे बढ़ना चाहिए। विधायक गजेंद्र के इस कथन के बाद विद्यार्थियों ने गर्मजोशी से उनकी बात पर हामी भरी।



### चार विद्यार्थी बने स्टूडेंट ऑफ द ईयर

समापन सत्र के दौरान चार विद्यार्थियों को स्टूडेंट ऑफ द ईयर के खिताब ने नवाजा गया। रूंगटा फार्मेसी आरसीपीएसआर और राइपर से हर्षिता मीना और पोसन कुमार को चेयरमैन ट्रॉफी दी गई। इसके साथ रूंगटा इंजीनियरिंग के छात्र प्रभात राज राय और जीडीआरसीएसटी कॉलेज की रिया वर्मा चेयरमैन ट्रॉफी के साथ स्टूडेंट ऑफ द ईयर टाइटल की हकदार बनीं। इन सभी को विधायक गजेंद्र यादव और चेयरमैन संतोष रूंगटा के हाथों सम्मानित किया गया। व्योम के तीन दिनों में 45 तरह के गेम्स हुए, जिसमें स्पोर्ट्स इनडोर और आउटडोर में विद्यार्थियों ने अपना दमखम लगाया। इसके साथ विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए व्योम स्टेज बनाया गया था, जिसमें करीब 2 हजार विद्यार्थियों ने मंच पर आकर अपनी प्रतिभा दिखाई। सभी विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।




### बताई एनईपी की खासियत

कॉलेज के चेयरमैन संतोष रूंगटा ने कहा कि, नई शिक्षा नीति छात्रों को मल्टीपल एंटी और एग्जिट का विकल्प देती है। इसका मतलब यह है कि आप अभी अपने इनोवेशन को अभी स्टार्टअप में बदल लीजिए। इस पर काम शुरू कीजिए। पढ़ते हुए ही कमाई का जरिया बनाइए। व्योम के समापन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने अपना टैलेंट भी साझा किया। ओपन मंच पर उन्होंने शानदार डांस और गीत संगीत की महफिल सजाई। इस दौरान रूंगटा ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. सौरभ रूंगटा, सोनल रूंगटा,डॉ. जवाहर शूरी शेट्टी, डायरेक्टर जनरल डॉ. मनीष मनोरिया, डॉ. एडविन एंथोनी, डॉ. एजाजुद्दीन, डॉ. मनोज वर्गीस और डॉ संजीव शुक्ला के साथ तमाम फैकल्टी व स्टाफ मौजूद रहा।



## शिवमहापुराण कथा...

# जीवन में सौभाग्य उदय होने पर होता है बेटी का जन्म बेटियों को शिक्षित कर बनाएं सशक्तः पं.मुरलीधर





**भिलाई।** ग्राम मासाभाट में शिव महापुराण का आयोजन किया गया है। शिवपुराण कथा में कथावाचक आचार्य बालव्यास मुरलीधर उपााध्याय ने कथा में माता पार्वती व शिव विवाह की कथा श्रवण कराते हुए सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बेटी की महत्ता व बिदाई के समय की कथा के वृतांत को सुनकर सभी की आंखों में आंसू आ गये। इस दौरान शिव-पार्वती विवाह झांकी का चित्रण किया गया। विवाह के दौरान शिव पार्वती पर भक्तों ने फूल बरसाये। महादेव शिव व माता पार्वती के साथ सभी उनके विवाह में झूमते नजर आए। कथावाचक मुरलीधर उपााध्याय ने बताया कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद घर में मां पार्वती का जन्म हुआ। क्योंकि जब मनुष्य के जीवन में सौभाग्य का पुण्य उदय होता है, तब घर में बेटी कन्या स्वरुप जन्म लेती है। बेटियों का सदैव सम्मान करे, क्योंकि बेटियां 25 पीढ़ियों को तारती है। आठ पीढ़ी माता की और आठ पीढ़ी पिता की, चार पीढ़ी सास व ससुर और एक पीढ़ी स्वंय की तारती है। बेटियों का जन्म का महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान की शरण में जाने का मार्ग बताया। माता पार्वती बचपन से भगवान को पाने तप, जप, साधना, आराधाना में लग गई थी। शिव तो सच्चे हदय व मन से मिल जाते है। सभी जीवो में शिव है। वही जब जीव से आत्मा निकल जाती है तो वह सिर्फ शव बन जाता है। जीव को धर्म व पुण्य करना चाहिए। बचपन से ही बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार दे। क्योंकि भगवान की कथा जीवन जीना सिखाती है। सनातन धर्म के प्रति उनके जीवन में संस्कार गढ़ती है। शास्त्रों में बेटी की महिमा है। बेटियां साक्षात लक्ष्मी स्वरुप है। यत्र नारी पूज्यन्ते, तत्र रमन्ते देवता। इसलिए उनका सदैव सम्मान करो। बेटी तो अपने पिता अकाल मृत्यु का हरण कर लेती है। उनके बिना समाज का अस्तित्व नही है, इसलिए उन्हे शिक्षित और सुरक्षित करे। बेटियों को सशक्त बनाये। कथा श्रवण करने पहुंची पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन को शिवलिंग भेंट किया गया। आयोजन में परीक्षित स्वरुप कल्याण साहू, चन्दा बाई, नम्मू, रुपा साहू, बिरेन्द्र साहू, अहिल्या साहू, लोकेश्वर साहू, थानेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। आज पति व्रत धर्म व गणेश के जन्म की कथा होगी।



## आयोजन

# कथावाचक विजय कौशल का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**भिलाई।** वृंदावन धाम से भिलाई पहुंचे राम कथा वाचक विजय कौशल महाराज का उनके अनुयायियों ने फूल वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीराम हाईट्स, कैलाश नगर भिलाई में सामूहिक हवन का आयोजन किया गया था। इस दौरान दुर्ग सांसद विजय बघेल, श्रीनिवास खेड़िया, सत्यनारायण अग्रवाल, अजय भसीन, सुशील जैन, गार्गी शंकर मिश्रा, शंकरलाल देवांगन, भागचंद जैन, मदन सेन, भूषण अग्रवाल, विजय चौधरी, निशु पांडेय, श्रीराम वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में रहवासी एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मिलित हुए और हवन में आहूति डाली। इस अवसर पर विजय कौशल महाराज ने राम के जीवन को धारण करने व परिवार को एक करने सहित कई उदाहरणों से कथा का रसपान कराया। श्रीजी की रसोई, वृंदावन के यजमानों को महाराज द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय अग्रवाल ने किया।



**जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड, दुर्ग इकाई में राष्ट्रीय सुरक्षा माह का हुआ समापन**

# सुरक्षा माह में हुआ ड्राइंग, पोस्टर, स्लोगन और नुक्कड़ नाटक का आयोजन, सुरक्षा मानकों के प्रति किया जागरुक

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** राष्ट्रीय सुरक्षा माह के अंतर्गत जे.के. लक्ष्मी सीमेंट दुर्ग इकाई में पुरे माह विभिन्न आयोजन कर मनाया गया। इस दौरान सुरक्षा के प्रति लोगो को जागरुक करने ड्राइंग, पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता, नुक्कड़ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सुरक्षा माह के दौरान कर्मचारियों, अधिकारियों, उनके बच्चों और परिवारजनों सहित आस- पास गांवों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सुरक्षा संबंधी कार्यक्रमों में भाग लेकर कार्यक्रम में अपना योगदान दिया। सुरक्षा माह के अंतिम दिन विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा माह के समापन समारोह में सुरक्षा विषयक नुक्कड़ नाटक, सुरक्षा मॉडल प्रदर्शन और अन्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में नेशनल सेफ्टी काउंसिल के प्रमुख एसेसर द्वारा सुरक्षा के बारे में उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दुर्ग उप संचालक आशुतोष पांडेय ने राष्ट्रीय सुरक्षा माह और इसके महत्व पर अपना विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कारखाने व प्रतिष्ठानों में लगातार सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम करते रहना चाहिए। जिससे कि प्रत्येक कर्मचारियों को जानकारी रहे एवं सुरक्षा मानकों का ध्यान रख सके।






### परिवार व साथियों की खुद निभाएं सुरक्षा की जिम्मेदारी

इस अवसर पर दुर्ग जेके लक्ष्मी सीमेंट सयंत्र प्रमुख ने कहां की संयंत्र के कर्मचारी एवं श्रमिक अपनी और अपने परिवार, संयंत्र में कार्य करने वाले साथियों की सुरक्षा की जिम्मेंदारी खुद से निभाए। कारखाना एवं देश-प्रदेश की तरक्की तभी हो पाएगी जब प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में सुरक्षा के लिए जागरूक रहेगा। मानव संसाधन विभाग के प्रमुख कप्तान शिरीष शुक्ला ने कहा कि जेके लक्ष्मी संयंत्र लगातार अपने कर्मचारियों के सुरक्षा के लिए प्रतिबंध है एवं समय-समय पर जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जाते हैं, प्लांट के सेफ्टी विभाग द्वारा लगातार ट्रेनिंग दी जाती है, साथ ही सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में ड्राइंग, पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता, नुक्कड़ कार्यक्रम का आयोजन भी अभी किया गया, ताकि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाया जा सके और श्रमिकों को पुरस्कृत भी किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन सुरक्षा प्रबंधक रवि मिश्रा द्वारा किया गया। समापन के दौरान आशुतोष पांडेय द्वारा वर्ष का सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा व्यक्ति पुरस्कार से भूपेंद्र साहू को पुरस्कृत किया गया। जिस दौरान सयंत्र प्रमुख मुकुल श्रीवास्तव, राजपाल सिंह शेखावत, संजय सूद, कैप्टन शिरीष शुक्ला, सुजीत सिंह, रमेश विश्वकर्मा, राजेश शुक्ला, मनीष तिवारी, विकास जैन, राजेश कुमार, वीरेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्लांट में कार्यरत कर्मचारी और काफी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे।

सिटी स्पोर्ट्स

## बिलासपुर को एक विकेट से हराकर रायपुर ब्लू फाइनल में





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट का पहला सेमी फायनल मैच बिलासपुर बनाम रायपुर ब्लू के मध्य बीएसपी सिविक सेंटर मैदान, भिलाई में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।

बिलासपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 63.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 184 रन ही बनाये। रायपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी में 58.1ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से मयंक यादव ने 6 विकेट तथा मोहित राउत ने 2 विकेट झटके।

बिलासपुर ने दूसरी पारी में 48.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 159 रन बनायें। बिलासपुर के लिये अभिषेख सोहगौरा ने सर्वाधिक 39 रन बनायें। रायपुर ब्लू की ओर से पवनदीप सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायपुर ब्लू ने अपनी दूसरी पारी में 45.1 ओवरों में 1 विकेट शेष रहते 155 रन का लक्ष्य बनाकर मैच रोमांचक तरीके से 1 विकेट से जीत लिया।

रायपुर ब्लू की ओर से आशिष कुमार डहरीया ने 39 रन तथा पवनदीप सिंह ने नाबाद 26 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से मोहित राउत ने 4 विकेट तथा अतुल शर्मा ने 3 विकेट प्राप्त किये।

प्रतियोगिता का दूसरा सेमी फायनल भिलाई एवं रायपुर के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 87.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 340 रन बनाये।

तीसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई ने अपनी पहली पारी में 159 ओवरों में 7 विकेट खोकर 621 रन बना लिये है। भिलाई की ओर से हर्ष शर्मा ने 158 रन तथा संजित देसाई ने 93 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से सुमित रुईकर, आशिष चौहान तथा अमितेश पांडे ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई 281 रनों से आगे है।

## एनसीए के अंडर 19 एलिट कैंप हेतु सीएससीएस से महक हुई चयनित



**रायपुर।** ऑल इंडिया जूनियर चयन समिति द्वारा नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अंडर 19 (महिला वर्ग) एलिट कैंप हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से महक नरवसे का चयन किया गया है। उक्त कैंप 25 अप्रैल से 21 मई तक अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। जिसमे बीसीसीआई के विशेषज्ञों के अधीन तकनीकी तथा शारिरिक प्रशिक्षण सम्मिलित होगा।

## भारतीय रेलवे महिला बास्केटबॉल टीम के ट्रेनर नियुक्त हुए जेकब



**रायपुर।** भारतीय रेलवे महिला बास्केटबॉल टीम का कोचिंग कैंप गुवाहाटी असम में 18 अप्रैल से 17 मई तक रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें एसईसीआर के श्री जेकब को ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया गया है। इस कोचिंग कैंप में बिलासपुर रेलवे की तीन महिला खिलाड़ियों दिव्यानी गंगवाल, उर्वशी बघेल और निशा कश्यप का चयन हुआ है। वहीं भारती नेताम को कोच नियुक्त किया गया है। नेताम रायपुर डिवीजन में पदस्थ हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। बास्केटबॉल परिवार ने जेकब और सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## जिला क्रिकेट संघ का सीनियर टी-20 ट्रायल आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सीनियर टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका प्रारंभ 18 अप्रैल को होना है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार सभी जिलों में सीनियर टी-20 ट्रायल लिया जाएगा और ट्रायल के पश्चात ही जिले की टीम बनेगी। जिला क्रिकेट संघ द्वारा सीनियर टी-20 ट्रायल आधारशिला विद्या मंदिर स्कूल रमतला कोनी में 11 अप्रैल को सुबह 9 बजे होगा। ट्रायल सफेद ड्यूज बाल से कराया जाएगा जिसके लिए सभी खिलाड़ियों को कलर वेशभूषा में उपस्थित होना है एवं अपनी स्वयं के किट लेकर आना अनिवार्य है।

खिलाड़ियों को फॉर्म भरना होगा जिसके लिए हर बार की तरह इस बार भी अपने स्कूल के 6 साल की मार्कशीट, जन्म प्रमाण पत्र और पीवीसी आधार कार्ड का फोटोकॉपी, पासपोर्ट साइज़ फोटो और ट्रायल के लिए 500 रुपए फीस लाना होगा। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।

### गर्मियों में सूखी खांसी से परेशान रहते हैं ज्यादातर लोग

# बढ़ती गर्मी के बीच अब आम हो रही सूखी खांसी की शिकायतें, घरेलू उपाय से जल्द मिल सकता है आराम

आमतौर पर सर्दियों में सर्दी-जुकाम और फ्लू के कारण सूखी खांसी आने लगती है लेकिन गर्मियों में भी सूखी खांसी हो सकती है। गर्मी के मौसम में एलर्जी, संक्रमण या अन्य कई कारणों से सूखी खांसी हो सकती है। खांसी एक आम समस्या है, जिसे कई घरेलू उपाय अपनाकर ठीक किया जा सकता है। कई मामलों में ये उपाय खांसी के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं और अधिकतर मामलों में इन का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता। आइए जानते हैं गर्मियों में सूखी खांसी क्यों हो सकती है, इसके लक्षण क्या है और गर्मी के मौसम में सूखी खांसी से राहत पाने के लिए कौन से घरेलू उपायों को अपनाया जा सकता है।



## सूखी खांसी के लक्षण

सूखी खांसी में बलगम नहीं बनता है। इसमें गले में खुजली और जलन जैसा महसूस होता है। साथ ही लगातार खांसी आती है, गले में खिचखिच, रात में तेज खांसी आना, आवाज कर्कश होना, गले में खरोच जैसा अनुभव होना, सांस लेने में तकलीफ और सीने में परेशानी होना सूखी खांसी के लक्षण है।

## सूखी खांसी आने के कारण

वैसे तो सूखी खांसी के कुछ सामान्य लक्षण हैं, जैसे एलर्जी, अस्थमा, एसिड रिफ्लक्स, ब्रोंकाइटिस, वायरल संक्रमण (सर्दी और फ्लू), श्वसन संक्रमण, गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग, धूम्रपान आदि। हालांकि गर्मी के मौसम में सूखी खांसी हो रही है तो इसके कुछ अन्य कारण भी हो सकते हैं, जिस पर नियंत्रण करके आप खांसी रोक सकते हैं। दरअसल गर्मियों में लोग फ्रिज का ठंडा पानी पीते हैं और गर्मी से राहत पाने के लिए आइसक्रीम का सेवन करते हैं। बाहर की तपन के चलते ठंडी चीजों का सेवन गले पर प्रभाव डाल सकता है, जिससे गले में दर्द, खांसी और जुकाम-बुखार होने की संभावना बढ़ जाती है।

## सूखी खांसी के लिए घरेलू उपाय



**शहद_** शहद एंटीबैक्टीरियल गुणों से युक्त होता है जो खांसी को दूर करने के साथ ही दर्द में भी राहत प्रदान कर सकता है। गर्मी के मौसम में खांसी होने पर शहद को हर्बल टी या नींबू पानी में डालकर पीने से खांसी में तुरंत आराम मिलने की संभावना रहती है।

**नमक के पानी से गरारा_** गर्मियों में होने वाली सूखी खांसी को ठीक करने के लिए पानी में नमक मिलाकर गरारे करने चाहिए। इससे फेफड़ों में जमा बलगम कम होता है और गले को आराम मिलता है।

**अदरक_** अदरक में एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रहने में मदद करते हैं। खांसी के लक्षणों को कम करने के लिए एक चम्मच अदरक के रस में शहद मिलाकर मिश्रण बना लें और इसे चाट लें। ऐसा करने से बंद गला खुल जाता है और सूखी खांसी से राहत मिलती है।

**लौंग:** लौंग लगभग हर घर में मिल



जाएगी। पांच रुपये की लौंग गले के लिए काफी फायदेमंद हो सकती है। सूखी खांसी में लौंग का सेवन करें। इसके लिए लौंग को एक चुटकी सेंधा नमक से साथ लेकर चबाएं। इससे सूखी खांसी में आराम मिलता है।



## कब्ज-अपच जैसी पेट की समस्याओं से निजात दिलाएंगे कुछ कारगर उपाय

खान-पान की गड़बड़ी ने हमारी सेहत को कई प्रकार से प्रभावित किया है, इसका सबसे ज्यादा असर पाचन स्वास्थ्य पर देखा जा रहा है। कब्ज-अपच, भोजन करने के बाद पेट फूलने जैसी कई तरह की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी इसका शिकार हो रहे हैं। क्या आप भी अक्सर पाचन की दिक्कतों से परेशान रहते हैं? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पाचन की दिक्कतों के कई कारण हो सकते हैं। वैसे तो ये खान-पान में गड़बड़ी से होने वाली समस्या मानी जाती है पर कई बार कुछ अंतर्निहित स्वास्थ्य स्थितियों के कारण भी आपका पेट गड़बड़ हो सकता है। यही कारण है कि अक्सर बने रहने वाली पाचन की समस्याओं का समय पर निदान और इलाज जरूर करा लेना चाहिए, जिससे बीमारी के कारणों का पता लगाया जा सके।

यदि पेट की ये दिक्कतें खान-पान या लाइफस्टाइल में गड़बड़ी के कारण हो रही हैं तो कुछ घरेलू उपायों से भी इसमें आराम पा सकते हैं। ऐसे लोगों के लिए पेठा का जूस फायदेमंद हो सकता है।

## पेठा का जूस हो सकता है लाभकारी



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पेठा लो कैलोरी और लो कार्बोहाइड्रेट वाला होता है, हालांकि इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा होती है जो इसे सेहत के लिए कई प्रकार से लाभकारी बनाती है। पेठा का जूस पीना वजन घटाने से लेकर हृदय को स्वस्थ रखने तक में फायदेमंद है। गर्मियों के दिनों में इसका सेवन शरीर को ठंडक भी देता है। लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला होने के कारण पेठा का जूस पीना शुगर को कंट्रोल करने में भी मददगार हो सकता है। आहार विशेषज्ञ कहते हैं, पेठा का जूस पीना आपके पाचन स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी हो सकता है।

## पाचन और हाइड्रेशन में मिलता है लाभ

पेठा का जूस पेट के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इसमें उच्च मात्रा में डाइटरी फाइबर होता है, जो आंतों की गतिविधि को बेहतर बनाता है। ये आंतों में मौजूद हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में भी सहायक होता है। ये कब्ज की समस्या को दूर करता है और पानी की प्रचुरता के चलते शरीर को हाइड्रेटेड भी रखता है। गर्मियों में इस जूस का सेवन करके शरीर को हाइड्रेट रखने और पेट ठीक रखने दोनों में लाभ पाया जा सकता है।

पेठे में पाए जाने वाले एंटीऑक्सिडेंट्स शरीर से विषाक्त तत्वों को बाहर निकालने में मदद करते हैं, जिससे पाचन बेहतर होता है। पेठे में मौजूद विटामिन-सी और मिनरल्स पेट की सूजन को कम करने में मदद करते हैं। यह पेट की गैस्ट्रिक समस्या और अम्लता को कम करने में सहायक है। पेठा हल्का और सुपाच्य होने से उन लोगों के लिए भी फायदेमंद होता है, जिनको अपच की समस्या है और हल्का भोजन चाहिए होता है।



# छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल की 5 रनों से रोमांचक जीत, किया तीसरे राउंड में प्रवेश




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में रायपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसियेषन द्वारा मेंस अंडर 16 इंटर स्कूल क्रिकेट टुर्नामेंट - 2025 का आयोजन 05 अप्रैल से 15 अप्रैल तक जारी है। गुरुवार को प्रतियोगिता का दूसरा चरण प्रारंभ हुआ। जिसमें आज का मैच ब्रम्हविद ग्लोबल स्कूल एवं छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल के मध्य आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर में खेला गया। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 25 ओवरों में 9 विकेट खोकर 134 रनो का स्कोर बनाया। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल की ओर से आयुष प्रताप सिंह ने सर्वाधिक 46 रन तथा कार्तिक कुमार पंडित ने 26 रनों का योगदान दिया। वहीं ब्रम्हविद ग्लोबल स्कूल की ओर से कृष्णम अग्रवाल ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 4 विकेट तथा आर्यांष दुबे ने 2 विकेट प्राप्त किये।135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्रम्हविद ग्लोबल स्कूल 25 ओवरों में 7 विकेट खोकर 129 रन ही बना पायी। ब्रम्हविद ग्लोबल स्कूल की ओर से आर्यांश दुबे ने 45 रन तथा प्रियांश ने 33 रनों की पारी खेली। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल की ओर से मृदुल वंजारी तथा शिवम गुप्ता ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल ने मैच 5 रनों से जीत लिया। आयुष प्रताप सिंह प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किये गये। 11 अप्रैल को आदर्श विद्यालय, मोवा विरुद्ध ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल के मध्य मैच खेला जायेगा।

■ आयुष प्रताप सिंह प्लेयर ऑफ द मैच घोषित

# छत्तीसगढ़ की पद्मा को तीरंदाजी में मिला राष्ट्रीय स्तर पर सातवां स्थान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की तीरंदाज पदमा साहू ने प्रथम एनटीपीसी खेलो इंडिया नेशनल आर्चरी वूमेन आर्चरी टूर्नामेंट जूनियर वर्ग अंबाजी ,गुजरात में 7 वीं रैंक हासिल कर नगद राशि 26,000/ का सम्मान प्राप्त किया। 7 से 10 अप्रैल में तक यह प्रतियोगिता आयोजित थी।

इस अवसर पर तीरंदाजी संघ के विष्णु देवासी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका और जिला व प्रदेश के सभी कोच ने शुभकामनाएं दी है। इसके पहले भी पद्मा साहू ने सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त किया था। पदमा साहू का चयन सोनीपत एक्सीलेंस सेंटर में भी हुआ है। तीरंदाजी संघ का कहना है कि पदमा साहू को इक्विपमेंट और अच्छे कोच की सुविधा उपलब्ध करा दी जाए तो 2036 में ओलंपिक में मेडल लाने की पूरी उम्मीद है।

कार्नर न्यूज

### 16 साल की बेटी को जरूर सिखाएं कुछ जरूरी बातें

# 'सयानी' हो रही बिटिया के साथ निभाएं दोस्ती आपकी दी गई सीख से भविष्य होगा खुशहाल

माता पिता की भूमिका और जिम्मेदारी बढ़ जाती है। यहां कुछ जरूरी बातें हैं जो हर माता-पिता को अपनी 15-16 साल की बेटी को जरूर सिखानी चाहिए ताकि उसका भविष्य संवर जाए और जीवन खुशहाल बन सके।

भारत में बेटियां किसी भी घर की रौनक होती हैं, उनको परिवार की इज्जत माना जाता है। ऐसे में उनका पालन पोषण बेहद देखरेख के साथ किया जाता है। माता पिता बेटी को पढ़ाना भी चाहते हैं और आत्मनिर्भर भी बनाना चाहते हैं, इसके लिए वह बेटी को घर के बाहर भेजते हैं। हालांकि लड़कियों की सुरक्षा आज के दौर में माता पिता के लिए सबसे चिंता का विषय होती है। इस दौरान उम्र बढ़ने के साथ ही बेटियों के जीवन में शारीरिक और मानसिक बदलाव भी होते हैं। यह वह समय होता है जब माता-पिता का साथ और सीख बेटी में आत्मविश्वास, नवाचार और जीवन के लिए सकारात्मक नजरिए की नींव रखने में सहायक होती है।

बेटी की परवरिश में सबसे अधिक ध्यान देने वाली उम्र 16 साल की होती है। आपकी 16 साल की बेटी इस आयु में बचपन से निकलकर युवावस्था में कदम रख रही होती है। ऐसे में माता पिता की भूमिका और जिम्मेदारी बढ़ जाती है।



## खुद की देखभाल

इस बात को याद रखें कि बच्चा हमेशा माता-पिता के साथ नहीं रह सकता है। अगर आप चाहते हैं कि आपकी बेटी के सपनों को पंख मिले और वह उड़ना सीखे तो उसे खुद की देखभाल करना सिखाएं। बेटी को लाड़-प्यार दें लेकिन समाज में कैसे रहना है, इसका तरीका बताएं। खुद का ख्याल, अपने स्वास्थ्य का ध्यान, रहन-सहन, खरीदारी करने का तरीका, पैसों को संभालकर खर्च करना आदि जरूर सिखाएं ताकि वह भविष्य के लिए तैयार रहें। चाहे पढ़ाई या नौकरी के लिए घर से बाहर जाना हो या शादी के बाद ससुराल की जिम्मेदारी उठाना हो, हर स्थिति के लिए वह तैयार रहेंगी।

## आत्मनिर्भरता

बेटी को आत्मनिर्भर बनाएं। उन्हें सिखाएं कि जीवन जीने का तरीका क्या है। इस दौर में हर लड़की को आत्मनिर्भर होना चाहिए। ये अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वह बेटी को इसके लिए तैयार करें। अपने छोटे-छोटे कार्य खुद करने के लिए प्रेरित करने से लेकर सावधानी पूर्वक अकेले स्कूल जाने के लिए बेटी को तैयार करें। हर परिस्थिति का डटकर मुकाबला करने के सात ही असफलता का सामना करने सिखाएं।



## सोशल मीडिया की असलियत

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया का प्रभाव बहुत गहरा है। लेकिन जरूरी है कि वह यह समझे कि हर चीज जो दिखती है, वह सच्चाई नहीं होती। सोशल मीडिया की तारीफों से प्रभावित न होकर अपने अंदर की अच्छाइयों पर ध्यान दें। सोशल मीडिया के इस्तेमाल से लेकर इसपर कितना भरोसा करना है, तक की जानकारी बेटी को दें।

## खुला संवाद

बेटी को बेहतर राह दिखानी हो या गलत राह पर चलने से रोकना हो तो उनके साथ खुलकर संवाद करें। उन्हें खुद पर भरोसा दिलाएं कि वह हर तरह की बात आपसे कर सकती हैं और आप इसके लिए उनकी आलोचना नहीं करेंगे। जब बेटी अपने विचारों और सवालों को खुलकर अभिभावक से समक्ष रखती हैं तो माता पिता भी उनका सही मार्गदर्शन करते हैं। अगर वह कोई गलती करते हैं तो अभिभावक के सामने उसे बिना झिझक स्वीकार कर पाते हैं, और माता पिता उनकी परेशानियों को हल करने में मदद कर पाते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'एवेंजर्स डूम्सडे' में लोकी के किरदार पर टॉम बोले- यह अभी खत्म नहीं हुआ



हॉलीवुड फिल्म 'एवेंजर्स डूम्सडे' की जब से घोषणा हुई है तभी से फैंस इस फिल्म की नई जानकारी के लिए उत्सुक रहते हैं। पिंकविला की एक खबर के मुताबिक, टॉम हिडलेस्टन ने आखिरकार पुष्टि कर दी है कि वह एवेंजर्सः डूम्सडे में लोकी के रूप में लौट रहे हैं। प्रशंसक इसलिए भी लोकी की वापसी से खुश हैं क्योंकि उन्हें एवेंजर्सः इन्फिनिटी वॉर की शुरुआत में ही मार दिया गया था। टिकटॉक स्टार मैक्स बैलेगडे के साथ एक इंटरव्यू में टॉम हिडलेस्टन ने कहा, ₹लोकी का किरदार निभाना मेरे जीवन का खास हिस्सा रहा है और यह अभी खत्म नहीं हुआ।₹ उनकी आखिरी बार डिज्नी+ की सीरीज ₹लोकी₹ में दिखाई दिए थे, जहां वह कहानियों के देवता बने थे। अब वह मुख्य मार्वल यूनिवर्स में बाकी नायकों के साथ लौट रहे हैं, जिससे प्रशंसकों की उत्सुकता फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ गई है।

₹एवेंजर्सः डूम्सडे₹ में कई मार्वल अभिनेता वापसी करेंगे। सिमू लियू, जिन्होंने 2021 में ₹शांग-ची₹ फिल्म में काम किया था। उन्होंने कहा कि वह भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। सिमू लियू ने कहा, ₹यह एक बड़ी और रोमांचक फिल्म होगी।₹ उन्होंने आगे कहा कि वह एक्स-मेन के अभिनेता सर इयान मैककेलेन और सर पैट्रिक स्टीवर्ट की वापसी से बेहद खुश हैं। ₹एवेंजर्सः डूम्सडे₹ में टॉम हिडलेस्टन, हेम्सवर्थ, मैककेलेन और स्टीवर्ट जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### टॉलीवुड

## बेटे अकीरा को 'ओजी'से एक्टिंग डेब्यू करवा रहे पवन कल्याण, चर्चाओं का बाजार गर्म



पिछले कुछ दिनों से लगातार ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि पवन कल्याण के बड़े बेटे अकीरा नंदन जल्द ही फिल्मी दुनिया में कदम रखने वाले हैं। खबरें आ रही हैं कि अकीरा पिता पवन कल्याण की फिल्म 'ओजी'से एक्टिंग की दुनिया में कदम रख सकते हैं। अब इन खबरों पर अकीरा की मां और पवन कल्याण की दूसरी पत्नी रेणु देसाई ने स्पष्टीकरण दिया है।

हाल ही में एक पॉडकास्ट 'निखिल थो नाटकालु' में बातचीत के दौरान रेणु देसाई ने इस मामले पर चुप्पी तोड़ी है और अपने बेटे के एक्टिंग डेब्यू की खबरों की सच्चाई बताई है। बातचीत के दौरान रेणु देसाई ने स्पष्ट रूप से कहा, "अकीरा अभी एक्टिंग के बारे में सोच तक नहीं रहा है। उनके पवन कल्याण की ओजी से डेब्यू करने की खबरें गलत हैं। न ही राम चरण अकीरा को हीरो बनाने के लिए तैयार कर रहे हैं। अकीरा जब भी ऐसा करेंगे तो मैं खुद अपने इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा करूंगी। तब तक इस तरह की सभी खबरें निराधार हैं, उन पर ध्यान न दें।" स्टारकिड होने के बावजूद अकीरा मीडिया अपीयरेंस और लाइमलाइट से काफी दूर रहते हैं। 2004 में जन्मे अकीरा ने स्कूल से लेकर ग्रेजुएशन तक की अपनी पढ़ाई हैदराबाद में ही पूरी की है। जानकारी की मानें तो अकीरा को क्रिकेट का बहुत शौक है और वो पियानो बजाने में भी माहिर हैं। 2014 में अकीरा ने अपनी मां की फिल्म 'इश्क वाला लव'में कैमियो किया था। उसके बाद ही उनके आगामी अभिनय की शुरुआत के बारे में अफवाहें पहली बार सामने आईं। अकीरा पवन कल्याण और उनकी दूसरी पत्नी अभिनेत्री रेणु देसाई के बेटे हैं। पवन कल्याण और रेणु की अकीरा के अलावा एक बेटी भी है, जिसका नाम आद्या है। पवन कल्याण और रेणु फिलहाल अब अलग हो चुके हैं। हालांकि, दोनों के बीच अभी भी अच्छे संबंध हैं।

### छॉलीवुड

## अब ओटीटी एप्प पर दर्शक ले पाएंगे 'गढ़वा बाजा संग बर बिहाव' का मजा



मन कुरैशी अभिनीत बहुचर्चित छत्तीसगढ़ी फिल्म 'गढ़वा बाजा संग बर बिहाव' अब जल्द ही ओ टी टी प्लेटफार्म पर रिलीज होने जा रही है। अघले महीने 23 मई को सुबह 7 बजे एन माही फिल्म्स ओटीटी में इश फिल्म को रिलीज किया जा रहा है। अभिनेता मन कुरैशी और चरित्र अभिनेता विनायक अग्रवाल ने यह जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट पर साझा की है।

फिल्म के निर्माता - मोहित कुमार साहू कलाकार - मन कुरैशी, हेमा शुक्ला, पप्पू चंद्राकर, अर्जुन परमार, दीपाली पांडे, राजू शर्मा, हेमलाल कौशल, शीतल शर्मा, जागेश्वरी मेश्राम तेजराम साहू, नीरज उके, संगीता निषाद, प्रकाश वर्मा, जयंती मनहर और आकाश सारवा है। लेखक एवं निर्देशक - विवेक सारवा, संवाद - गिरवर दास मानिकपुरी छायांकन - नागेश सारवा संपादक-अशोक हियाल गीत, संगीत-ओमी स्टाइलो गायक - सुनील सोनी, मोनिका वर्मा, चंपा निषाद, कंचन जोशी वॉयस डबिंग - म्यूजिक वर्ल्ड में बीजीएम - पुष्पेंद्र साहू (गुरतुर स्टूडियो) कोरियोग्राफर - विलाश राऊत प्रोडक्शन - विनोद शर्मा वेशभूषा - हर्षा बागड़ी, जीवन निषाद मेकअप - प्रवीण सिंह राजपूत डांस ग्रुप - वर्षा सारथी प्रचार-प्रसार प्रभारी - रवि नागदेव हैं।

## लाइफ स्टाइल



तपिश के बीच फैशन

रिहाना से लेकर बेला और गीगी हदीद तक, इन ट्रेंडसेटर्स ने इस गर्मी में अपने खुद के आउटफिट को स्टाइल करने के लिए अनोखे तरीके अपनाए है। उनके फैशन डिजाइन से जुड़े रहस्यों के बारे में सबसे अच्छी बात यही दिखती है कि इन्हें सूक्ष्म तरकीबों के साथ पतझड़ में भी अपनाया जा सकता है। मतलब साफ है कि आपको इस तपिश भरे मौसम में नए परिधानों के बारे में सोचने के लिए अपना सिर खुजलाना नहीं पड़ेगा।

## गोल्ड इयररिंग के ये लेटेस्ट डिजाइन आपके लिए



अगर आपको भी गोल्ड का इयररिंग पढ़ना पसंद है तो सोच रहा है कि कैसी डिजाइन बनवाएं आजकल कौन सी ऐसी डिजाइन है जो ज्यादा चल रही है। अगर आपको हैवी पहनना पसंद है तो हैवी बना सकते हैं या आप हल्की वजन में भी बनवा सकते हैं।

अगर आपको सुई धागा ईयररिंग डिजाइन पसंद है तो आप इनमें से आइडिया ले सकते हैं आजकल सुई धागा ईयररिंग डिजाइन बहुत ज्यादा चल रही है महिलाएं और लड़कियां दोनों ही ज्यादा बनवा रही है इस तरह का डिजाइन होती है जो आपको कम बजट में मिल जाएगी यह हियरिंग लाइटवेट होती है इसकी शुरुआत की प्राइस की बात करें तो आपको 10000 से स्टार्ट होती है ये पहनने में भी आसन होती हैं बहुत ही हल्की होती है औरभी लगती है खास कर ये डिजाइन लड़कियों को ज्यादा पसंद आ रही है।

झुमका किसे पसंद नही है, हमे पता है कि आपको भी झूमका जरूर पसंद होगी। सूट हो या साड़ी दोनों पर झुमका बहुत ही अच्छी लगती है तो आप भी सोच रहें हैं की कैसा डिजाइन बनवाएं तो आप बिलकुल सही जगह पर आए हैं, ये डिजाइन आपके खुबसूरती को चार चांद लगा देगी। तो जरा देखिए ये डिजाइन।

डेली उसे में पहनने के लिए गोल्ड का इयररिंग डिजाइन का कुछ डिज़ाइन दिखाए गए हैं इनमें जरूर कोई ना कोई जरूर पसंद आएगी हमने इस में बहुत ही लाइट पर डिजाइन रखे हैं लड़कियां हो या महिलाएं दोनों यह डिजाइन जरूर ट्राई कर सकते हैं यह डिजाइन न्यू है इसकी प्राइस की बात करें तो आपको ओनली 6000 से स्टार्ट होती है आप अपने अनुसार से बनवा सकते हैं क्योंकि हमेशा सोचते रहते हैं कि कौन सी डिजाइन डेली यूज में पहने तो आप इन डिजाइन पर जरूर नजर डालें।

डेली उसे में पहनने के लिए गोल्ड का इयररिंग डिजाइन का कुछ डिज़ाइन दिखाए गए हैं इनमें जरूर कोई ना कोई जरूर पसंद आएगी हमने इस में बहुत ही लाइट पर डिजाइन रखे हैं लड़कियां हो या महिलाएं दोनों यह डिजाइन जरूर ट्राई कर सकते हैं यह डिजाइन न्यू है इसकी प्राइस की बात करें तो आपको ओनली 6000 से स्टार्ट होती है आप अपने अनुसार से बनवा सकते हैं क्योंकि हमेशा सोचते रहते हैं कि कौन सी डिजाइन डेली यूज में पहने तो आप इन डिजाइन पर जरूर नजर डालें।

## स्टाइल करेंगी प्रिंटेड लहंगा तो आपके लुक के सामने चौंधिया जाएंगी आंखे





लहंगा एक पारंपरिक ड्रेस है जो की महिलाएं अपनी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए पहनती है और जब बात है शादी और खास मौके पर क्या पहने तो सबसे पहले महिलाएं लहंगा ही पसंद करती है, अगर आप किसी खास पार्टी या फिर शादी में आकर्षक लुक चाहते हैं तो आपके लिए यह प्रिंटेड लहंगा एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकती है इसके डिजाइन रंग आपके लुक को और भी रॉयल बना सकते हैं।

आज हमको कुछ ऐसे और बेहतरीन प्रिंटर लहंगा दिखाएंगे जो आप आने वाली शादी पर पहन सकते हैं और इसे आप स्टाइल करके सबसे ट्रेंडी और फैशनेबल लुक पा सकते हैं यह लहंगा ऐसी है जो कि हर किसी पर परफेक्ट होने वाली है या फिर आपके घर में किसी की शादी है या फिर अन्य रिश्तेदारी में तो आपको यह प्रिंटेड लहंगा जरूर ट्राई करनी चाहिए।

### फूलों वाली प्रिंटेड लहंगा

यह फूलों वाली प्रिंटेड लहंगा हमेशा ही ट्रेंडी और स्टाइलिश रही है यह लहंगा खास कर उन लड़कियों के लिए बेहतरीन है जो की एक सॉफ्ट और एलिगेंट लुक चाहती है इस लहंगा में फूलों का प्रिंट किया गया है जो की ऑर्गेंजा फैब्रिक में है इसका ब्लाउज में आपको एंब्रॉयडरी का वर्क देखने को मिल जाएंगे यह लहंगा अभी काफी ट्रेंड में है और लहंगे के अलावा और ऑर्गेंजा फैब्रिक की हर आउटफिट अभी फैशन में चल रहे हैं तो आपको भी आने वाली शादी या फिर त्यौहार में यह फूलों वाली प्रिंटर लेना है जरूर ट्राई करना चाहिए इसमें दुपट्टा भी काफी बेहतरीन सा दिया गया है।

### फूलों वाली प्रिंटेड लहंगा

रेड प्रिंटेड लहंगा एक शानदार ऑप्शन है और खासकर उन महिलाओं के लिए जो की शादी पार्टी में शामिल होने जा रही है तो आपको हर एक लहंगा जरूर ट्राई करना चाहिए और इसमें प्रिंट किया जाए जो की काफी प्यारा सा है इसे आप खास कर शादी के लिए ले सकते हैं इसमें प्रिंट को देख सकते हैं काफी प्यारा है जैसे की हल्की-फुल्की छोटे-छोटे प्रिंट किए गए हैं और इसका ब्लाउज भी आपको ट्रेंडी में देखने को मिल जाएंगे और यह ज्यादा हैवी भी नहीं है।

## ब्राइडल लुक में चार चांद लगा देंगे कुछ अनूठे हेयरस्टाइल



शादी का सीजन जारी है ऐसी महिलाएं अपने लिए अलग-अलग तरह के खूबसूरत ज्वेलरी खरीदती है ताकि वह शादी में सबसे अलग खूबसूरत दिख सके ऐसे में एक बन भी आता है आप लहंगा पहने है या कोई भी ड्रेस आसनी से आप इस तरह का बाल गजाला अपने बाल में लगा कर आपने लुक को आकर्षक बना सकते हैं हम आपके लिए लेकर आए एकदम यूनिक डिजाइन जो कि आपको देखते ही पसंद आएगी। अगर आपकी शादी होने वाली है तो ले सकते हैं, खासकर इस तरह के लड़कियां भी अपने लिए बहुत ही खरीदती है याह देखने में काफी खूबसूरत लगती है।

अगर आपको सिंपल पसंद है तो आप इस तरह का बन अपने लिए ले सकते हैं इसमें दो कलर का गुलाब का फूल दिया गया जो की काफी खूबसूरत लग रही है येलो और पिक के कांबिनेशन में है देख सकते हैं कितनी प्यारी लग रही है यह आपको 200 से 300 में मार्केट में आसानी से मिल जाएगी या आप किसी भी ऑनलाइन एप से खरीद सकते हैं यह देखने में खूबसूरत लग रही है।

इस तरह के डिजाइन स्पेशली आप हल्दी फंक्शन या फिर मेहंदी के लिए ले सकते हैं इसमें आपको और कलर ऑप्शन मिल जाएगी आजकल लड़कियां अपने लिए बहुत ही लेती है यह देखने में काफी खूबसूरत लगती है आजकल इसका फैशन काफ़ी चल रहा है इसमें आपको इयरिंग्स भी साथ में मिल जाएगी , देख सकते हैं आपके पूरे हेयर में इसका डिजाइन आ जाएगा बीच में गुलाब का फूल दिया गया है और मोती का भी डिजाइन दिया गया जो की काफी यूनिक लग रही है आपके बालों के खूबसूरती में चार चांद लगा देगी या डिजाइन। अगर आप अपने लिए सिंपल में खूबसूरत गजरा का डिजाइन खोज रहे हैं तो यह आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है।

## आपके लुक को आकर्षक बना देंगे लटकन के ये डिजाइंस, नजर नहीं हटेगी

अगर आप भी सोच रहे हैं कि किस तरह के लटकन अपने ब्लाउज में या आप सूट में या कोई और भी आउटफिट में लगवाने के लिए तो आप बिल्कुल सही जगह पर आए हैं यहां आपको देखने को मिल जाएगी कोई भी पसंद आती है तो आप जरूर ट्राई कर सकते हैं लेस वाला लटकन होती है ओ बहुत ज्यादा अच्छी लगती है, अगर आपको ऐसा एक लटकन पसंद है तो आप इसे एक लटकन लहंगा में या फिर ब्लाउज में या आप किसी भी आउफिट में लगवा सकते हैं क्योंकि इस तरह के लटकन बहुत ही अच्छी लगती है थोड़ा हैवी होती है इसलिए बहुत ही प्यारी लगती है।

अगर आपको मिरर वाले लटकन पसंद आए तो आप जरूर ट्राई करें क्योंकि इस तरह से लटकन होती है न ओ नाइट पार्टी के लिए बहुत ही अच्छी लगती है अगर सबसे अलग दिखना चाहते तो आप जरूर ट्राई करें, ये आपको किसी भी ऑनलाइन ऐप या फिर किसी भी शॉप में आपको इस तरह का लटकन देखने को मिल जाएगी इसकी प्राइस की बात करें तो यह आपको 100 से लेकर 200 के बीच में आपको मिल जाएगी तो आप अपने बजट के अनुसार से इसे खरीद सकते हैं।



बॉल लटकन डिजाइन आजकल बहुत ज्यादा चल रही है इस तरह का डिजाइन जो होती है जो लहंगा है बहुत ही ज्यादा अच्छी लगती है तो आप लहंगा स्टिच कर वा रहे तो सोच रहें है किस तरह का लटकन डिजाइन लगाएं तो आप जरूर लगा सकते क्योंकि यह जो डिजाइन बहुत ही ट्रेंड में चल रही है लहंगा के लिए तो बहुत ही परफेक्ट है, यह आपको मार्केट में आसानी से मिल जायेगी अगर आपको पसंद है तो आप टेलर से बोलकर इस तरह के के लटकन स्टिच भी करवा सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

### ग्रूमिंग के दौरान आपको लगता है कि लोग देखते नहीं, मगर आप गलत हैं

## ग्रूमिंग के दौरान हर किसी से हो जाती है कुछ गलतियां, भले ही आपका ध्यान नहीं जाए

'अरे छोड़ो इस पर कौन ध्यान देगा' ग्रूमिंग पर खूब सारा ध्यान देने वाले आप अक्सर यही कहकर बड़ी गलतियां कर देते हैं और आपको अंदाजा भी नहीं होता है कि लोग आपकी इन गलतियों पर पूरा ध्यान दे रहे हैं।

ग्रूमिंग बेस्ट लुक का जरूरी हिस्सा है। इसलिए आपको थोड़ा एक्टिव तो होना पड़ेगा। इसके बिना मामला सेट नहीं हो पाएगा। इसके लिए छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर खुद को वेल ग्रूम्ड वाली श्रेणी में लाया जा सकता है। आपको अलग से कुछ नहीं करना है।

### ग्रूमिंग की गलतियों पर पड़ती है लोगों की नजर

ग्रूमिंग आपके लुक को पूरा करती है। आप भी इसके बिना खुद को अधूरा पाते होंगे। लेकिन कुछ बातें ऐसी होती हैं, जिन पर आप खुद ध्यान ये सोचकर नहीं देते कि कौन इस पर ध्यान देगा। कौन सी हैं ये ग्रूमिंग की गलतियां जान लीजिए।



### कान, नाक और आइब्रो के बाल

एक उम्र के बाद शरीर के कई हिस्से ऐसे होते हैं, जिनमें से बाल दिखने लगते हैं लेकिन अफ़सोस आप उनको ट्रिम करने की सोचते ही नहीं है। आपको लगता है इनको कौन ही देखेगा।

लेकिन लोग देखते हैं। लोग देखते हैं कि आपने महंगे कपड़े पहने, हेयर केयर सलीके से किया लेकिन नाक, कान और आईब्रो के बालों को यों ही छोड़ दिया। ये काम कठिन नहीं है बल्कि इसे आप खुद भी कर सकते हैं। या फिर इसे शेविंग के समय सैलून में भी किया जा सकता है। ध्यान दीजिए और कर लीजिए।

### गंदे नाखून साफ नहीं किए

आपके नाखून की सफाई भी जरूरी होती है। कई बार लोग पूरे शरीर की सफाई करते हैं लेकिन नाखूनों को भूल जाते हैं। लेकिन ये सही नहीं है। लोगों को आपके हाइजीन का अंदाजा नाखून देकर ही लग जाता है इसलिए ये काम शुरू कर दीजिए। समय-समय पर पैर और हाथ के नेल्स काटते रहिए। अगर तब भी ये अच्छे न लगें तो आप पैडीक्योर और मैडीक्योर करा सकते हैं।



### ओरल हाइजीन भी रखिए ध्यान

ब्रश करके आप अपने ओरल हाइजीन को भूल जाते हैं तो गलत करते हैं। दरअसल सिर्फ ब्रश करने से दांत और मुंह की सफाई नहीं हो पाती है। बल्कि आपको ब्रश के साथ फ्लोसिंग भी करनी होगी और माउथ फ्रेशनर गार्गल भी करना होगा। अगर ये सब नहीं करेंगे तो दो बार ब्रश करने के बाद भी मुंह से बदबू आएगी और आपके लुक पर फिर कोई ध्यान नहीं देगा।

### बियर्ड की ट्रिमिंग

बियर्ड लुक को लेकर आजकल खूब क्रेज है। लोग विराट कोहली और विक्की कौशल की तरह बियर्ड लुक अपना लेना चाहते हैं। लेकिन वो ये भूल जाते हैं कि ये सेलेब्रिटी भी अपने बियर्ड लुक को मेनटेन करते हैं। वो अपनी दाढ़ी ट्रिम कराते रहते हैं ताकि ये बेतरतीब न लगे। आप ऐसा कितनी बार करते हैं या कराते भी हैं या नहीं। अगर नहीं कराते हैं तो बियर्ड लुक नहीं मिलेगा लेकिन लुक बिगड़ जरूर जाएगा।